तापमान

अधिकतम 34.8 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024

14 बैस, मूणत, पुरंदर, बृजमोहन को बनाया भाजपा का सक्रिय...



16 आरपीएफ के बाद अब बॉडी-वार्न कैमरे लगाकर ट्रेन...



## खबर संक्षेप

### गैंगस्टर अमन को आज कोर्ट में करेंगे पेश

**रायपुर।** तेलीबांधा में कारोबारी के दफ्तर पर फायरिंग के आरोप में गिरफ्तार झारखंड के गैंगस्टर अमन साव की शनिवार को पुलिस रिमांड खत्म हो रही है। रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस अमन को आज कोर्ट में पेश कर पुनः रिमांड में लेने की तैयारी में है। पुलिस ने अमन को गंज थाना क्षेत्र मामले में गिरफ्तार किया है।

### किशोरी से रेप, आरोपी को दस वर्ष कैद की सजा

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व अपने मामा के घर पढ़ने आई किशोरी से रेप के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की फास्टट्रैक कोर्ट ने 10 वर्ष कैद तथा छह हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के मुताबिक, कोर्ट ने किशोरी की बड़ी मां के बेटे को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

# चाय ठेला वाले ने शेयर ट्रेडिंग में लाभ का झांसा देकर चार सौ लोगों से की सौ करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शेयर ट्रेडिंग में रकम इन्वेस्ट कर मुनाफा मिलने का झांसा देकर सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक चाय बेचने वाला तथा उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार किया है। चाय बेचने वाला तथा उसके साथियों ने चार सौ लोगों के साथ सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है।

■ जालसाज ने परिचितों के माध्यम से आरंग थाना में अपनी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई

पुलिस के मुताबिक ठगी करने के आरोप में धमतरी से भुनेश्वर साहू तथा उसके साथी मनोहर लाल साहू को विधानसभा थाना क्षेत्र नरदहा से गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य ⏭ शेष पेज 15 पर

## जालसाज को पुलिस ने धमतरी से किया गिरफ्तार

### खुद की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई

पुलिस के अनुसार मंदिर हसौद थाना में अपने खिलाफ अपराध दर्ज होने की जानकारी मिलने पर भुनेश्वर ने अपने परिचितों के माध्यम से आरंग थाना में अपनी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद भुनेश्वर से जो पैसा मांगने उसके घर जाता, घर वाले भुनेश्वर के गुम होने की बात कह पैसा देने से बच जाते।



### दूसरे साथी ने किया पागल होने का नाटक

पुलिस के अनुसार ठगी का भांडा फूटने पर भुनेश्वर का दूसरा साथी मनोहर पागल होने का नाटक करते हुए अपना उपचार मनोचिकित्सक के पास करा रहा था। पागल होने का नाटक करने मनोहर गांव में घूम-घूमकर तेज आवाज में गाना गाता था। मनोहर के पास लेनदार पैसा लेने जाते, तो वह लेनदारों के साथ अजीब हरकत करता था।

**चाय की दुकान से ऐसे सफर शुरू किया _** पुलिस के अनुसार भुनेश्वर पूर्व में गांव में चाय ठेला लगाता था। इसके बाद वह आरसीएम नामक चेन मार्केटिंग से जुड़ा। चेन मार्केटिंग से जुड़ने के बाद भुनेश्वर विनायक होम्स नामक चिट फंड कंपनी से जुड़ गया। चिट फंड कंपनी के बंद होने पर भुनेश्वर ने चिट फंड की रकम से आरओ फिल्टर लगाने का काम शुरू किया।

### धमतरी में साधु का वेश धारण कर भटक रहा था

पुलिस के अनुसार भुनेश्वर का लोकेशन ट्रेस किया गया, तो वह धमतरी का निकला। भुनेश्वर को पुलिस ने जब गिरफ्तार किया, तो वह धमतरी में साधु के वेश में भटकते मिला। पुलिस के लोगों से बचने भुनेश्वर ने साधु का वेश धारण किया था, जिससे उसकी पहचान छिपी रही। पकड़े जाने पर भुनेश्वर ने पुलिस से बचने अपने आपको आध्यात्म की दुनिया में विलीन होना बताया और कहा, दुनिया के मोह माया के बंधन से मुक्त हो गया है।

# दिन से ज्यादा रात में चिपचिपी गर्मी-उमस से लोग हो रहे हलाकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून के विदा होने के बाद तेज धूप और उमस ने काफी लंबे समय से लोगों को हलाकान कर दिया है। अभी दिन से ज्यादा रात की गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। रायपुर समेत सरगुजा संभाग में भी रात का न्यूनतम तापमान सामान्य के चार डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। आने वाले दिनों में सरगुजा के कुछ स्थानों में रात के पारा में थोड़ी गिरावट होने की संभावना है। मानसून की विदाई की घोषणा भले ही 15 अक्टूबर को गई है, मगर प्रदेश में व्यापक बारिश 30 सितंबर के बाद से नहीं हुई है। समय-समय पर बंगाल की खाड़ी में तैयार होने वाले सिस्टम की वजह से यहां पर्याप्त मात्रा में नमी का प्रवेश हो ⏭ शेष पेज 15 पर

■ सरगुजा का पारा भी चार डिग्री ज्यादा, थोड़ी गिरावट संभव

# बदली गई ओपन स्कूल परीक्षा की तारीखें, विधानसभा उपचुनाव के कारण फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओपन स्कूल द्वारा अपनी समय-सारिणी में बदलाव किया गया है। नया टाइम-टेबल भी ओपन स्कूल द्वारा जारी कर दिया गया है। विधानसभा उप चुनाव के कारण तिथियों में यह परिवर्तन हुआ है। ओपन स्कूल द्वारा उप चुनाव की तारीखें घोषित होने के पहले ही समय-सारिणी जारी कर दी गई थी। चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद दोनों में टकराव को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। ओपन स्कूल की परीक्षाएं अब 14 नवंबर से शुरु होगी। पूर्व में जारी समय-सारिणी के अनुसार, बारहवीं की परीक्षा 11 नवंबर और दसवीं की परीक्षाएं 13 नवंबर से प्रारंभ होने वाली थी। रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा। अब दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा 14 नवंबर से शुरू होगी।

■ पहले 11 नवंबर से प्रारंभ होनी थी परीक्षा अब 14 नवंबर से शुरुआत

### पहली बार नवंबर में परीक्षा

यह पहली बार है जब ओपन स्कूल की परीक्षाएं नवंबर माह में आयोजित हो रही है। इसके पूर्व वर्ष 2014 में ओपन स्कूल की एक साल में तीन बार परीक्षा हुई थी, लेकिन तब दो परीक्षा अवसर के रूप में थी, अर्थात इसमें सिर्फ फेल हुए छात्रों को ही मौका दिया गया था। इस बार सभी परीक्षाएं मुख्य परीक्षा के रूप में हो रही हैं। अर्थात इसमें शामिल होने के लिए छात्रों का पूर्व परीक्षा में शामिल होना जरूरी नहीं होगा। विद्यार्थी नवीन पंजीयन कराकर इसमें शामिल हो सकते हैं। परीक्षा की टाइमिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। परीक्षा पूर्व की ही तरह 8.30 से 11.45 तक संचालित होगी। परीक्षार्थी समय-सारिणी आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# हेरोइन चिट्टा के साथ पंजाब के तीन तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर तीन इंटरस्टेट तस्करों के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत की 26 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, पंजाब के तरणतारन निवासी जगजीत सिंह उर्फ सनी, संदीप सिंह उर्फ सोनू तथा सुखराज सिंह उर्फ सुक्खा के पास से हेरोइन चिट्टा जब्त की गई है। पुलिस ने तस्करों को रिंगरोड-2 के पास गिरफ्तार किया है।

# नो पार्किंग में खड़े मालवाहकों पर निगम-ट्रैफिक की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिलतरा तथा हीरापुर बायपास मार्ग पर नगर निगम, पुलिस तथा यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए नो पार्किंग में खड़े मालवाहक वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, 15 मालवाहक वाहनों के खिलाफ अतिक्रमण की कार्रवाई की गई है। साथ ही सर्विस रोड पर बेतरतीब खड़े सौ से ज्यादा मालवाहक वाहनों के चालक से जुर्माना राशि वसूल की गई।

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार
2 महानगरो के 5 स्टॉर होटल में, एकसाथ महासेल

24 घंटे की महासेल

19 व 20 अक्टूबर ( शनिवार व रविवार )
सुबह 10 से रात 10 बजे तक

(RAIPUR)
BABYLON CAPITAL
VIP CHOCK

(BILASPUR)
HOTEL MARRIOTT

छत्तीसगढ़ के रिटेल ग्राहको के लिए
Biggest Sale

बेंगलौर में बड़े मॉल बन्द होने के कारण यह पूरा माल सेल लगाकर 5 स्टार होटल में बेचा जा रहा है जिसमें मेन्स वेयर, लेडीस वेयर, किड्स वेयर, पूरी फैमली के लिए ब्रांडेड कपड़े फुटवेयर एवं होम डेकोरेट की बहुत सारी चीज़े उपलब्ध रहेगी

नेशनल एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स के

मेन्स वेयर
समर जीन्स, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउज़र, लोवर, शॉर्ट्स, कुर्ता पजामा, शेरवानी, कोटी, ब्लेज़र

गर्ल्स एवं लेडीज़ वेयर
समर टॉप, कुर्ती, प्लाज़ो, जीन्स, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउज़र, लोवर, शॉर्ट्स, लेगिंग, वन पीस, पार्टी वेयर सूट

ब्रांडेड फुटवेयर
जेन्ट्स, लेडीज़, किड्स, स्पोर्ट शू, लेदर शू, ट्रेकिंग शू, सेन्डल्स, स्लीपर, बैली

होम डेकोर एवं स्पेशल काउंटर
लेडीज़ पर्स, लेडीज़ डिज़ाईनर बैग, टॉवल, पर्दे, कम्फटर, इम्पोर्टेड बेडशीट, वॉलेट, बेल्ट, स्कूल बैग ऑफिस बैग, डोरमेट, चश्में, परफ्यूम एवं बहुत कुछ

जिनकी कीमत 2000, 5000, 10000 व 15000 तक है
केवल 199 से शुरू
अभी नहीं तो कभी नहीं, यह मौका बार - बार नहीं मिलेगा

रायपुर : होटल बेबीलॉन केपिटल
पता : वी.आई.पी. चौक, ओसवाल पेट्रोल पम्प के पीछे,जी. ई. रोड, रायपुर

बिलासपुर : होटल मेरिएट
पता : सिटीमॉल 36, चौक, सेक्टर-2 गंगा नगर, बिलासपुर

कोई एंट्री फीस नहीं, कोई पार्किंग चार्ज नहीं समय : सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक

नोट : 1. कंपनियों के दबाव के कारण हम सभी प्रोडक्ट के ब्रांड के नाम न्यूज पेपर में प्रकाशित नहीं कर सकते । 2. छत्तीसगढ़ की जनता से निवेदन है कि इस बिक्री को किसी भी हालत में मिस ना करें । 3. हमारा दावा है कि इस बिक्री के बाद कभी भी इतने बड़े ब्राण्ड इतने सस्ते खरीदने को नहीं मिलेंगे। 4. जिस काउन्टर का स्टॉक खत्म हो जाएगा वो काउन्टर तुरंत बंद कर दिया जायेगा। 5. कृपया हॉल में शांति बनाये रखें।


FESTIVE OFFER
05 OCTOBER TO 03 NOV.
ANANTRA MART ™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
अनंतरा से करो खरीददारी
दुबई लेजाने की
जवाबदारी हमारी
₹1699* में कूपन पाओं और दुबई जाओं
Diwali Gifts Pack Available Please Contact: 7992 7992 20
यह स्कीम 1 जुलाई 2024 से 14 जनवरी 2025 तक
PIGEON HOT KETTLE 1.5 LTR MRP ₹1195 OUR PRICE ₹469
PIGEON HEALTHI FRYER +DIGITAL AIR FRYER 1400W MRP ₹7995 OUR PRICE ₹2499
MILTON SMART SPIN MOP 1U MRP ₹1350 OUR PRICE ₹749
PIGEON ACER PLUS INDUCTION COOKTOP 1800 W 14429 MRP ₹3995 OUR PRICE ₹1549
ARCHIE GALAXY HOT POT 2000 MRP ₹351 OUR PRICE ₹149
PERRY PLASTIC HOT SHINE 1700 INSULATED CASSROLE MRP ₹319 OUR PRICE ₹129
DOOR MAT Starting ₹29
RED BULL ENERGY DRINK 250ML MRP ₹125 OUR PRICE ₹95
NAKODA MIXTURE 750GM MRP ₹220 OUR PRICE ₹99
SOOPRLIFE SUNFLOWER OIL 1 LTR. MRP ₹155 OUR PRICE ₹128
BUY 1 GET 1 FREE
भारतीय मिठाई, नमकीन, बिस्कुट एवं कुकीज
HALDIRAM'S GIFT PACKS UPTO 17%
DRY FRUIT GIFT PACK Starting @ ₹199
BIKAJI GIFT PACKS UPTO 25%
NAKODA GIFT PACKS UPTO 30%
AKASH GIFTS PACKS UPTO 25%
TOORDAL REGULAR MRP ₹199 OUR PRICE ₹145
BRITANNIA TOASTEA PRIMIUM RUSK 1 KG BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹200 OUR PRICE ₹100
ARCHIE SILKY INSULATED CASSEROLE 1000 MRP ₹370 OUR PRICE ₹99
PARLE RUSAK 400 GRAM BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹80 OUR PRICE ₹40
PERRY PLASTIC CELEBRATION GIFT SET MRP ₹319 OUR PRICE ₹249
MAGGI NOODLES MASAKA 560G 8 PACK MRP ₹112 OUR PRICE ₹85
TULIP D/B MIX COMFORTER MRP ₹649 Starting ₹399
NAKODA RASGULLA MRP ₹240 OUR PRICE ₹99
SUNFLAME 3 BURN GLASS TOP CHULHA + SUNFLAME TADKA PAN FREE
Special Offer MRP ₹5990 Our Price ₹2999*
ARISTOCRAT TROLLY 3PCS SET + 3 PCS DUFAL BAG FREE
Special Offer MRP ₹32705 Our Price ₹7499*
Lowest* PRICE guaranteed
Upcoming In - Bemetara
Customer Care : 7992 7992 20
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्ते लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं| ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |
जगह एवं फैन्चाइज़ी की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में संपर्क करें:- 7992799220
T&C Apply
Khanna

# महामारी में काम नहीं आया प्लांट, अब गंभीर बीमारी के मरीजों को देगा ऑक्सीजन

## आयुष विवि के कोविड केयर में लगा था, डीके अस्पताल में होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोना महामारी की तीसरी लहर के पहले आपात स्थिति से निपटने आयुष विवि में बनाए गए कोविड केयर सेंटर में लगाया गया प्लांट अब डीके अस्पताल के मरीजों को ऑक्सीजन देगा। आयुष विवि के प्लांट को डीके अस्पताल लाने की तैयारी चल रही है। डीके अस्पताल में अभी दो प्लांट मौजूद हैं, मगर उन्हें सिलेंडर का सहारा लेना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान संक्रमितों के इलाज के लिए विभिन्न स्थानों पर कोविड केयर सेंटर बनाए गए थे। दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने जान गंवाई थी। इसे ध्यान में रखते हुए तमाम कोविड केयर सेंटरों में प्लांट की स्थापना की गई थी, ताकि मरीजों को ऑक्सीजन के लिए तरसना नहीं पड़े। सौभाग्य से तीसरी लहर उतनी घातक नहीं हुई, फिर प्रदेश इस भयावह हालात से उबर गया था। उसी दौरान आयुष विश्वविद्यालय में ऑक्सीजन प्लांट के दो विंग स्थापित किए गए थे, जिनका अभी की स्थिति में कोई उपयोग नहीं हो रहा था। देखरेख के अभाव में यह प्लांट खराब होने की स्थिति में आने लगे थे। सूत्रों के अनुसार जल्दी ही फ्लांट में तैयार होने वाला ऑक्सीजन डीके सहित अन्य सरकारी अस्पताल के मरीजों को ऑक्सीजन प्रदान करेगा। प्लांट को डीके अस्पताल कैंपस में शिफ्ट करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि सप्ताहभर के भीतर प्लांट को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। अभी डीके अस्पताल में दो ऑक्सीजन प्लांट मौजूद हैं, जिसमें से एक पीएम केयर फंड से स्थापित किया गया था। सीजीएमएससी द्वारा उपयोग के लिए एनओसी नहीं ला पाने की वजह से इसका अब तक उपयोग शुरू नहीं किया जा सका है। दूसरा प्लांट अस्पताल का है, जो कोरोनाकाल से बिगड़ा पड़ा है और उसकी मरम्मत का काम चल रहा है।

### जिला अस्पताल में माना का प्लांट

जिला अस्पताल में माना सिविल अस्पताल में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट को कुछ साल पहले शिफ्ट किया गया था। जिला अस्पताल में कोविड केयर सेंटर बनाने का प्रस्ताव था, इसलिए वहां पहले से ही प्लांट स्थापित था, मगर बाद में सभी वार्डों तक ऑक्सीजन की सप्लाई के लिए माना के प्लांट को लाकर पिछले हिस्से में शिफ्ट किया गया। यह प्लांट अभी क्रियाशील है, जिससे आवश्यक मरीजों को सांसें मिल रही हैं।




### कई उपकरण उपयोगहीन

उस दौरान आयुर्वेद अस्पताल में भी प्लांट लगाया गया था, जो अब तक उपयोग में नहीं आया है। प्लांट खड़े-खड़े खराब होने की स्थिति में आ गए हैं। शुरुआती दौर में इसे समय-समय पर एक्टिव कर देखा जाता था, मगर बाद में यह प्रक्रिया बंद कर दी गई। इसी तरह आयुर्वेद अस्पताल में बच्चों को कोरोना से बचाने के लिए बड़ी संख्या में वेंटिलेटर, वार्मर सहित अन्य उपकरण की व्यवस्था की गई थी, जो अब कबाड़ होने लगा है।

## मृतक के कमरे से सुसाइड नोट तथा अलग-अलग आठ प्रतियां मिलीं

# स्टील कारोबारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी सुसाइड नोट में प्रताड़ना को बताया वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में सरकारी टेंडर लेने वाले तथा युवा स्टील कारोबारी की गुरुवार को फांसी पर लटकती लाश मिली है। कारोबारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस को घटनास्थल के पास एक सुसाइड नोट मिला तथा अलग-अलग कमरे से सुसाइड नोट की आठ प्रति मिली है। सुसाइड नोट में एक पेन ड्राइव का जिक्र किया गया है, लेकिन पुलिस ने मौके पर किसी तरह का पेन ड्राइव मिलने की बात से इनकार किया है। मृतक ने अपने सुसाइड नोट में एक आईपीएस अफसर की पत्नी तथा चार अन्य के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मृतक ने खुदकुशी की वजह लेन-देन को बताया है।

पुलिस के मुताबिक प्रतीक सैम्यूअल उर्फ सैम ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। प्रतीक गायत्री नगर में किराए के मकान में रहता था। प्रतीक पुलिस विभाग में अलग-अलग सामान की आपूर्ति करने का काम करता था। पुलिस के मुताबिक दो दिनों से कॉल रिसीव नहीं करने पर प्रतीक की महिला मित्र गुरुवार देर शाम घर पहुंची। घर पहुंचने पर प्रतीक की महिला मित्र ने देखा, घर अंदर से बंद है। इसके बाद प्रतीक की महिला मित्र ने अपने अन्य दोस्तों को इसकी जानकारी दी। प्रतीक की महिला मित्र तथा उसके अन्य दोस्तों ने धक्का देकर गेट खोला तथा घर के अंदर दाखिल हुए। उन लोगों ने देखा की प्रतीक की लाश कमरे में फांसी पर लटक रही है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को फंदे से नीचे उतारा और कमरे से सुसाइड नोट सहित अन्य जरूरी सामान जब्त कर अपने साथ ले गई।

### खास बातें

- एक आईपीएस की पत्नी सहित चार लोगों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप
- पुलिस को घटनास्थल के पास एक सुसाइड नोट मिला
- मौके पर पेन ड्राइव मिलने की बात से पुलिस ने किया इनकार



### कमरे से पेन ड्राइव टैबलेट गायब

सुसाइड नोट में प्रतीक ने एक पेन ड्राइव तथा टैबलेट का उल्लेख किया है। घटनास्थल की जांच करने पहुंची पुलिस ने पाया कि सुसाइड नोट में जिक्र पेन ड्राइव तथा टैबलेट गायब है। ऐसे में सवाल उठता है कि घटनास्थल के पास सुसाइड नोट बरामद हो सकता है, ऐसे में पेन ड्राइव तथा टैबलेट को किसने गायब किया होगा। पेन ड्राइव में प्रतीक ने अपनी जान लेने की कोशिश करने का वीडियो अपलोड होने की बात का उल्लेख किया है।

### प्रतीक ने सुसाइड नोट में यह लिखा

मेरा नाम प्रतीक सैम्यूल है, मैं अपनी लाइफ से तंग आ गया हूं। कुछ लोग हैं जो मुझे जीने नहीं दे रहे हैं। मुझे झूठे केस में फंसाने की कोशिश की जा रही है। मेरे सुसाइड करने का कारण ये लोग हैं। पार्थ घोष, अर्पित, मोनिका, पल्लवी। इन लोगों ने मुझसे 27 लाख रुपए लिए हैं और अब वापस देने से इनकार कर रहे हैं। मैं एफआईआर करवाने भी गया था, मगर मुझे गाली देकर भगा दिया गया। फिर मुझे जान से मारने की कोशिश की गई। इसकी वीडियो पेन ड्राइव में रखी है। अब मुझे अक्सर धमकी आ रही है। मुझे झूठे केस में फंसाने की बहुत कोशिश की जा रही है। बहुत से पुलिस वाले मुझे धमका रहे हैं कि रायपुर छोड़ कर चला जा। सरकारी काम दिलाने के नाम पर एडवांस लिया गया था। मुझे अब रायपुर में काम भी नहीं लेने दे रहे हैं। इस सुसाइड नोट की कापी मैं पीएचक्यू भी भेज रहा हूं और ह्यूमन राइट कमीशन को भी। पीएचक्यू भेजने का कारण है कि मेरे लेटर को गायब न कर पाएं।

# मरीज ने लगाया चिकित्सक पर मारपीट का आरोप प्रबंधन ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



इलाज के लिए एम्स में दाखिल हुए मरीज ने चिकित्सक पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस तरह की घटना से इनकार किया है। प्रबंधन का पक्ष है कि एनीस्थिसिया के प्रभाव के दौरान मरीज चिकित्सकीय स्टाफ से दुर्व्यवहार कर रहा था।

- एम्स की घटना, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

जानकारी के अनुसार बिलासपुर के मरीज की एम्स में सर्जरी हुई थी। आरोप है कि मरीज ने चिकित्सकीय लापरवाही की वजह से सिर में सूजन और दर्द होने की शिकायत की थी। इससे वार्ड में मौजूद डाक्टर नाराज हो गए और उन्होंने संबंधित मरीज को दो थप्पड़ जड़ दिया। मरीज की पत्नी ने जब इसका विरोध किया, तो उससे भी धक्का-मुक्की की गई। वार्ड के भीतर हो रही इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया था, जो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इस मामले में एम्स प्रबंधन द्वारा मामले की जांच के लिए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। इधर प्रबंधन का इस मामले में कहना है कि मरीज पर एनीस्थिसिया का प्रभाव था और वह बार-बार उठकर भागने का प्रयास कर रहा था। डाक्टर के साथ उसने चिकित्सकीय स्टाफ और अन्य मरीजों के अटेंडर से दुर्व्यवहार किया था। एम्स के पीआरओ डॉ. मृत्युंजय राठौर का कहना है, कोई डाक्टर मरीजों को कैसे मार सकता है। मरीज की वजह से वार्ड में भर्ती अन्य लोगों को असहजता हो रही थी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा




**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के अध्यक्ष उधोराम वर्मा की अध्यक्षता में गांधी मैदान कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इस दौरान संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई जिसमें बड़ी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सहप्रभारी श्री जांगिड़ ने अपने संबोधन में कहा, पार्टी को समय दे सके, ऐसे व्यक्ति को पदाधिकारी बनाएं, जो कम से कम महीने में दो दिन अपनी उपस्थिति दे सके। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री दीपक दुबे, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुसर निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, प्रवीण साहू, पप्पू राजेंद्र बंजारे,धनराज मध्यानी, कृपाराम निषाद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राधिका को नंदी पुरस्कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 12 से 21 अक्टूबर तक चल रहे आयोजित इंटरनेशनल कॉम्पीटिशन ऑफ डांस म्यूजिक एंड इंस्ट्रूमेंट-2024 नटवर गोपीकृष्ण नेशनल अवार्ड में रायपुर की 11 वर्षीय राधिका शर्मा को कथक के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नंदी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। राधिका 4 वर्ष की उम्र से ही गुरु संगीता कापसे से कथक की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश, ओडिशा एवं उत्तरप्रदेश में कथक नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




13
'पिंजरा' थीम पर गिफ्ट हैंपर, छात्राओं ...

## आराधना

## शरीर के लिए आहार और आत्मा के लिए अध्यात्म व तप जरूरी



**रायपुर।** घर में किसी की मृत्यु हो जाए, तो लोग मंदिर जाना छोड़ देते हैं। पूजा-पाठ नहीं करते। अरे! ये फंडा कहां से आया गया? अच्छे-बुरे, कैसे भी वक्त में कोई धर्म का साथ कैसे छोड़ सकता है? किसी की मृत्यु का शोक ही मनाना है तो दुकानें बंद क्यों नहीं कर देते, नौकरी पर जाना क्यों नहीं छोड़ते? मौजूदा समाज में धर्म क्रियाओं को लेकर किए जा रहे मन मुताबिक बदलावों पर विराग मुनि ने ये बातें कही। दादाबाड़ी में उपधान तप के अंतर्गत जारी विशेष प्रवचन श्रृंखला में शुक्रवार सुबह वे धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ भी हो जाए, नित्य पूजा नहीं रूकनी चाहिए। जैसे शरीर के लिए आहार जरूरी है, उसी प्रकार आत्मा के लिए धर्म-अध्यात्म, तप-त्याग जरूरी है।

### वीडियो गलत है स्क्रीन नहीं

धर्मसभा में मुनिश्री ने मोक्ष प्राप्त करने के तीन उपाय बताए। इसमें उन्होंने अहिंसा, सुपात्र दान और सामायिक का महत्व समझाते हुए कहा, आपको गलत वीडियो नजर आने का मतलब ये नहीं कि स्क्रीन खराब है। हम स्क्रीन को गलत समझ रहे हैं, जबकि गलत वो कंटेंट है, जिस पर वीडियो बना है। हमारी जिंदगी में वो खराब कंटेंट हमारे कर्म हैं, जिनकी वजह से जिंदगी का वीडियो गलत तैयार हो रहा है। जिंदगी का सफर बहुत कर लिया। अब आत्मा के सफर को समझिए। इसमें सभी आत्माएं एक बस में सफर कर रहीं हैं। इसमें तीन क्लास हैं। फर्स्ट क्लास में तीर्थंकर परमात्मा हैं, जिनकी आत्मा सांसारिक उतार-चढ़ावों से ऊपर उठ चुकी है। दूसरे क्लास में पुण्यशाली आत्माएं सफर कर रहे हैं, जबकि थर्ड क्लास में कर रही आत्माओं की हालत मजदूरों जैसी है। सफर में गड्ढे आएंगे तो ये धक्के भी खाएंगे और बस को धक्का भी लगाएंगे। अब आप देख लीजिए कि आपकी आत्मा कौन से क्लास में सफर कर रही है।

## कैंपस इवेंट

## चिट्ठी ना कोई संदेश... गाकर अपने नाम की ट्रॉफी, कव्वाली से मोहा



**रायपुर।** अंतर विद्यालयीन प्रतियोगिता में छात्रों ने गायन से लेकर नृत्य और खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भनपुरी स्थित कृष्ण इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में ये प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में समीपस्थ अन्य विद्यालय के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल संबंधित प्रतियोगिताएं इसके अंतर्गत रखी गई। सभी विधाओं में विद्यार्थियों ने अपना शत प्रतिशत देते हुए इंटर स्कूल ट्रॉफी अपने नाम करने की कोशिश की। गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत ना कोई चिट्ठी ना कोई संदेश... गजल गाकर प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थी ने जीत हासिल की।

### पारंपरिक राजस्थानी अंदाज

नृत्य प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बॉलीवुड स्टाइल पर सर्वाधिक प्रस्तुतियां हुईं। लोकगीतों पर आधारित नृत्य भी छात्रों ने पेश किए। राजस्थानी गाने पर छात्रा द्वारा सिर में मटका और हाथों में गिलास लेकर दी गई प्रस्तुति ने सभी की तालियां बटोरी। खो-खो और कबड्डी के मैच रोमांचक रहे। अंतिम समय में कृष्णा इंग्लिश मीडियम स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए मैच ही पलट दिया और विजेता बने। अंतिम दिन शुक्रवार को सभी विधाओं में अव्वल आने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए। क्विज, डिबेट जैसी प्रतियोगिताएं भी इस इंटर स्कूल कंपीटिशन का हिस्सा रही।

## लाइव इवेंट

## नाटक के जरिए बच्चों ने जाना डाकू कैसे बना महर्षि वाल्मीकि




**रायपुर।** प्रियदर्शिनी नगर स्थित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में महर्षि वाल्मीकि और मीराबाई की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मार्निंग असेंबली में ग्रीन हाउस के बच्चों ने किया। शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि छोटे से नाटक के माध्यम से बच्चों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन को मंचित किया। इसमें उन्होंने बताया कि कैसे एक डाकू रत्नाकर महर्षि वाल्मीकि बन गया। बच्चों ने बताया कि एक बार डाकू रत्नाकर ने अपने परिवार से पूछा कि मेरे पाप का भागीदार कौन-कौन है। ऐसे में उनके परिवारजनों ने कहा कि हम आपके पाप के भागीदार नहीं है। यहीं से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आना शुरू हुआ।

### डाकू की भूमिका में दिखे छात्र

*विद्यार्थियों ने अपनी अभिनय कला से सबका दिल जीत लिया। सहपाठियों संग शिक्षकों की भी तालियां उन्होंने बटोरी। इस नाटक में दिव्यांश गोवर्धन ने महर्षि वाल्मीकि का भूमिका निभाई। वाल्मीकि के परिवार व डाकुओं की भूमिका में रिद्धि साहू, भूमिका, अमनशिव चौधरी व गुलशन साहू रहे। मीराबाई की वेशभूषा में आरीधि जैन ने स्टेज पर प्रस्तुत दी तथा मीराबाई की जीवनी अपनी प्रस्तुति के माध्यम से बताई।*

● पंचायत व कोटा फैक्टरी जैसी फिल्मों के डायरेक्टर दीपक मिश्रा बना रहे ग्राम चिकित्सालय वेब सीरीज

# 2 साल बाद छग में वेब सीरीज शूटिंग, राजनांदगांव के गोटिया गांव में बन रही 'ग्राम चिकित्सालय', 2025 से बड़ी फिल्में भी

> मायानगरी के फिल्म निर्देशकों को एक बार फिर से छत्तीसगढ़ का पर्यटन फिल्मों की शूटिंग के लिए लुभाने लगा है। लगभग 2 साल बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में फिल्मों की शूटिंग शुरु हुई है। पंचायत व कोटा फैक्टरी व गुल्लक जैसी फिल्मों के डायरेक्टर दीपक मिश्रा अपनी नई फिल्म ग्राम चिकित्सालय की वेब सीरीज की शूटिंग राजनांदगांव के गोटिया जिला में शुरू कर चुके हैं। इस फिल्म में भी पंचायत फिल्म की तरह ही गांव में चिकित्सालय और डॉक्टर के जीवन को दिखाया गया है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग छत्तीसगढ़ में की जा रही है।

**रायपुर।** संस्कृति विभाग के मुताबिक, इस वेब सीरीज में भी पंचायत फिल्म के चर्चित कलाकार जितेंद्र कुमार के साथ अन्य कलाकारों के भी फिल्म में शामिल होने की खबर है। लंबे समय से प्रदेश में वेब सीरीज सहित फिल्मों की शूटिंग बंद हो चुकी थी। ग्राम चिकित्सालय की शूटिंग से फिर से इसकी शुरुआत हुई है। फिल्म में स्थानीय कलाकारों को भी अभिनय करने का मौका मिलेगा। फिल्म निर्माता इसके लिए ऑडिशन लेंगे, जिसमें आवश्यक पात्रों के अनुसार कलाकारों को रखा जाएगा। साथ ही उन्हें अभिनय करने पर मानदेय भी दिया जाएगा। फिल्मों में ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहर के कलाकारों को भी मौका मिलेगा।






### लोकेशन विजिट के बाद रुझान नहीं

बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप हॉलीवुड फिल्म किलबिल का रीमेक बना रहे हैं। वे इसकी शूटिंग छत्तीसगढ़ में करना चाहते थे। शूटिंग के लिए बिलासपुर और भानुप्रतापपुर क्षेत्र का भ्रमण किया गया था, लेकिन अभी तक रुझान प्रोडक्शन टीम की ओर से संस्कृति विभाग को नहीं मिला है। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा भी छत्तीसगढ़ में शूटिंग करना चाहते थे। छत्तीसगढ़ में शूट हुई फिल्मों को दर्शकों ने ओटीटी और बड़े पर्दे में खूब प्यार दिया है। दो साल पहले 10 बड़ी फिल्मों की शूटिंग हुई, जिसमें तमिल फिल्म सूरारई पोटरू के हिंदी रीमेक की शूटिंग करने अक्षय कुमार रायगढ़ आए थे। वेब सीरीज द इंडियन ग्रेट मर्डर और आर या पार की शूटिंग कवर्धा और बस्तर में हुई। इसे तिग्मांशु धूलिया ने निर्देशित किया है। जहानाबाद की 80 फीसदी शूटिंग राजनांदगांव, कवर्धा, कांकेर में हुई। इसका निर्देशन राजीव बरवाल ने किया है। फिल्म 'कौन प्रवीन तांबे' रायपुर क्रिकेट स्टेडियम में शूट हुई। यह फिल्म सभी माध्यम में देखी और पसंद की गई।



### 'श्रीराम कथा' की शूटिंग खत्म

माता कौशल्या की पावन धरती और भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में हिन्दी फिल्म 'श्रीराम कथा' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में सीता के रूप में 'कच्चा बादाम' वीडियो से मशहूर हुईं सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा दिखाई देंगी। अंजलि को कंगना रनौत के विवादित रियलिटी शो 'लॉक अप सीजन-1' से लाइमलाइट मिली थी। 'श्रीराम कथा' के रूप में उन्होंने पहली फिल्म साइन की है। इसके अलावा रावण की भूमिका में बॉलीवुड एक्टर रजनीश डुग्गा रहेंगे। डायरेक्टर ने बताया, रामायण पर पहले भी फिल्म बन चुकी है। हम नए तरह से लोगों को इस फिल्म के जरिए रामायण की कथा दिखाने चाहते हैं। इस वजह से फिल्म की शूटिंग उन जगहों पर कर रहे हैं, जहां श्रीराम ने समय बिताया है। फिल्म की 70 फीसदी शूटिंग छत्तीसगढ़ में हुई है। इसके अलावा 20 फीसदी शूटिंग अयोध्या और मुंबई में की गई है।

### नजर आएंगे पंचायत के चर्चित चेहरे

ग्राम चिकित्सालय की शूटिंग राजनांदगांव के गोटिया गांव में चल रही है। पंचायत व कोटा फैक्टरी जैसी फिल्मों के डायरेक्टर दीपक मिश्रा बना की यह वेब सीरीज है। पंचायत के चर्चित चेहरे भी इसमें शामिल है।

- विवेक आचार्य, संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व, एमडी पर्यटन मंडल

# मेजबान ने अपने नाम की ऑल इंडिया हॉकी ट्रॉफी ज्वेलरी में ग्वालियर अव्वल, 300 छात्रों की कला प्रदर्शनी

### राजकुमार कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय कला व खेल महोत्सव का समापन

**रायपुर।** राजकुमार कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय कला व खेल महोत्सव का समापन शुक्रवार को हुआ। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। 36वीं ऑल इंडियन गर्ल्स तैराकी प्रतियोगिता में देशभर ये 15 विद्यालयों की 185 छात्राओं ने तैराकी का प्रदर्शन किया। इस वर्ष प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमजीडी गर्ल्स स्कूल जयपुर, द्वितीय स्थान डेली कॉलेज इंदौर और तृतीय स्थान राजकुमार कॉलेज रायपुर ने प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 की प्रतियोगिताओं में राजकुमार कॉलेज रायपुर और एमजीडी गर्ल्स स्कूल जयपुर दोनों ही विद्यालयों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।



विजुअल आर्ट फेस्ट में देश के 18 विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। टाई एंड डाई विधा में बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी, असम वैली सोनीपत, सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर, डेली कॉलेज इंदौर, एलके सिंघानिया गोटन, आरकेसी रायपुर विजेता रहे। ज्वेलरी मेकिंग विधा में सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर, एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, एमजीडी गर्ल्स स्कूल इंदौर, बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी, डेली कॉलेज इंदौर, राजकुमार कॉलेज रायपुर के नाम विजेता सूची में रहे।



### अजमेर को सेमीफाइनल में मिली पटखनी

ऑल इंडिया आईपीएससी हॉकी चैंपियनशिप में देश के प्रतिष्ठित आठ विद्यालय ने हिस्सा लिया। सेमीफाइनल में पहुंची चार टीमों में पहला मैच पंजाब पब्लिक स्कूल नाभा और बीके बिरला स्कूल पुणे के बीच हुआ। पंजाब पब्लिक स्कूल नाभा की टीम 4-2 से जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। दूसरी ओर सेमीफाइनल के दूसरे मैच में राजकुमार कॉलेज रायपुर ने मेयो कॉलेज अजमेर को 4-1 से हराकर शानदार जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। फाइनल में मेजबान राजकुमार कॉलेज रायपुर ने पंजाब पब्लिक स्कूल नाभा को 3-1 से हराया और ऑल इंडिया आईपीएससी हॉकी चैंपियनशिप का कप जीता। हॉकी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ मिडफिल्डर जीत कोसले और टीम कप्तान रोशन सिदार को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट के किताब से नवाजा गया।

# जेईई में अब नहीं मिलेगी छात्रों को सवाल चुनने छूट

**रायपुर।** अगले साल होने वाली जेईई मेन 2025 परीक्षा के संबंध में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, एनटीए ने एक बड़ा बदलाव किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कोरोना काल के बीच साल 2021 से छात्रों को जेईई मेन प्रश्न पत्र के सेक्शन बी के सवाल अटेम्पट करने को लेकर खास छूट दे रही थी लेकिन अगले साल से इस छूट को समाप्त किया जा रहा है। इस संबंध में एक आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी नोटिस के अनुसार छात्रों को पिछले कुछ सालों से हर विषय के सेक्शन-बी में प्रश्नों को प्रयास करने और उत्तर देने को लेकर छूट मिलती थी, जिसमें स्टूडेंट्स 10 में से कोई भी 5 सवालों के जवाब दे सकते थे। इस छूट को अब समाप्त किया जा रहा है। यानी साल 2025 परीक्षा में जेईई प्रश्न पत्र के सेक्शन-बी में ऐसा विकल्प नहीं होगा। छात्रों को दिए गए सभी प्रश्न हल करने होंगे। छात्रों को परीक्षा की तैयारी में आई चुनौतियों के चलते जेईई मेन 2021 से 2024 तक यह खास सुविधा लाई गई थी, जिसे अब हटाया जा रहा है। एनटीए के नोटिस में कहा गया है कि डब्ल्यूएचओ की ओर से कोविड महामारी की इमरजेंसी 5 मई 2023 को खत्म कर दी गई है, ऐसे में सेक्शन-बी का फॉर्मेट अब पहले की तरह हो जाएगा। जेईई मेन 2025 के अंदर सेक्शन-बी में हर विषय से 5 सवाल होंगे और छात्रों को सभी 5 सवालों का उत्तर देना होगा। जल्द ही जेईई मेन 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जाएंगे।

### दूसरे राज्यों से पहुंचे डिजाइनर, करवाचौथ और आगामी पर्व के आधार पर पेश किए कलेक्शन

# डेनिम में काथा व चिकनकारी वर्क, राजवाड़ी लुक देने के लिए जरी एवं जरदोजी का प्रयोग, हाथों से तैयार किए बंदनवार व डोर हैंगिंग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** करवाचौथ व दीपावली से पूर्व शहर में कई स्थानों पर प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। पर्व से पहले लेटेस्ट डिजाइन के कपड़े यहां लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं को ध्यान में रखते हुए ये कलेक्शन पेश किए जा रहे हैं। गुरुवार को बेबीलॉन इंटरनेशनल में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। सूत्रा द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का समापन 19 अक्टूबर को होगा। इस दौरान 30 से अधिक स्टॉल सजाए गए, जिसमें मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, लखनऊ जैसे अन्य शहरों से व्यापारी व डिजाइनर शामिल हुए। प्रदर्शनी में ज्वेलरी, साड़ी, लहंगा, कुर्ती, डेनिम ड्रेस, पर्स, सेंडल और सजावटी वस्तुएं मौजूद हैं। प्रदर्शनी में सबसे अधिक दीपावली एवं करवा चौथ के लिए डिजाइनर साड़ी व कुर्ती की बिक्री हो रही है।



### समान्य वस्तुओं के उपयोग से बनाए सजावटी समान

दुकान संचालक बिन्नी ठक्कर ने कहा, दीपावली व करवाचौथ के लिए हैंडमेड सजावटी वस्तुएं सजाई गई हैं। जिसे बाजार में मौजूद बच्चों के प्लास्टिक बॉल, छोटे प्लास्टिक गमले, ग्लास और डिब्बों की मदद से तैयार किया गया। बंदनवार व डोर हैंगिंग को तैयार करने में आर्टिफिशियल फूल-पत्ते, मोती, स्टोन, प्लास्टिक की सजावटी वस्तुओं और लकड़ी का प्रयोग किया गया। हैंडमेड वस्तुओं की कीमत 400-4000 रुपए तक है। दुकान संचालक ने कहा, व्यस्त लाइफ स्टाइल होने के कारण घर के सजावट के लिए लोगों के पास अधिक वक्त नहीं होता है। जिसके कारण इन सभी सजावटी वस्तुओं को डिजाइन कर तैयार किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल प्लास्टिक रंगोली भी तैयार की गई है, जिसकी कीमत 500 रुपए से शुरु है।

### बांधनी साड़ी में सोने के तार

दुकान संचालक व डिजाइनर जुईन बनर्जी ने कहा, दुकान में मौजूद साड़ी को हाथों से तैयार किया गया है। टसर सिल्क में तैयार साड़ी में थ्रेड वर्क किया गया है, जिसमें माता दुर्गा की छवि तैयार की गई। इसकी कीमत 22000 रुपए है, जिसे तैयार करने में डेढ़ माह का वक्त लगा।

### डिजाइनर राजवाड़ी साड़ी की कीमत 30 हजार

डिजाइनर रिना धामेजा ने बताया, उनके दुकान में सबसे महंगी राजवाड़ी साड़ी है। जिसकी कीमत 30 हजार रुपए है। एक साड़ी को तैयार करने में एक माह से अधिक का वक्त लगा। इसे राजवाड़ी लुक देने के लिए जरी एवं जरदोजी वर्क का प्रयोग किया गया। जिसमें राजवाड़ की कला एवं संस्कृति को उभारने का प्रयास किया गया है। जिसमें तोता, मोर, हाथी, फूल, ऊंट व महाराजा व अन्य को उकेरा गया है। इसके साथ ही इंडो वेस्टर्न डिजाइनर साड़ी में करदाना, पल्स, जरी व सिक्वेंस डिजाइन किया गया है। ब्लैक साड़ी की कीमत 16000 रुपए तक रही, जिसमें मुख्य रुप से पल्स का बारीकी से प्रयोग किया गया।



### पेंटिंग से कपड़े को नया लुक

दुकान संचालक व डिजाइनर मौसमी सेन ने बताया, स्टॉल में डेनिम के ड्रेस, पेंट, जैकेट, शर्ट व फ्रॉक मौजूद हैं। जिसे डिजाइनर द्वारा तैयार किया गया है। सभी डेनिम ड्रेस को न्यू लुक देने के लिए विभिन्न प्रकार से डिजाइन किया गया है। डेनिम ड्रेस में काथावर्क किया गया है, जिसकी कीमत 6000 रुपए है। इसके साथ ही लखनऊ की चिकनकारी व पेंटिंग भी डेनिम ड्रेस पर की गई है। डेनिम ड्रेस में तैयार विभिन्न डिजाइन प्रदर्शनी में खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सबसे अधिक पेंट और जैकेट की डिमांड रही।

● खाटू श्याम मंदिर में महिला उद्यमियों और फुटकर व्यापारियों को मंच देने लगाया गया मेला

# 'पिंजरा' थीम पर गिफ्ट हैंपर, छात्राओं ने ऊन से तैयार की सजावटी वस्तुएं, औद्योगिक घराने भी दे रहे हस्तनिर्मित उपहार

संगिनी महिला मंडल द्वारा खाटू श्याम मंदिर परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रदर्शनी का समापन 19 अक्टूबर को होगा। मंडल अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने बताया, बीते 25 वर्षों से दीपावली त्यौहार से पूर्व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। प्रदर्शनी में 75 स्टॉल सजाए गए हैं, जिसमें दीपावली पर्व से संबंधित वस्तुएं लाई गई है। इस दौरान कोलकाता, जयपुर, दुर्ग, भिलाई व भाटापार के फुटकर एवं थोक व्यापारी शामिल हुए।





### लिप्पन आर्ट और मिरर मोजेक आर्ट से तैयार किया बंदरवाल

स्टॉल संचालक रेश्मा जैन ने बताया, गिफ्ट हैंपर व बंदरवाल भी सजाए गए हैं, जिसे हाथों से तैयार किया जाता है। दीपावली के अवसर पर खरीदार अपने करीबियों के लिए गिफ्ट हैंपर तैयार कराते हैं, जिसे कस्टमर के डिमांड व बजट के अनुसार कस्टमाइज किया जाता है। इस वर्ष गिफ्ट हैंपर की थीम 'पिंजरा' रखी गई है, जिसे पिंजरा के आकार में तैयार किया जा रहा है। बंदरवाल में वेलवेट, लेस, मोती की बुटी व पैचेस का प्रयोग किया गया है। मीना अग्रवाल ने बताया, प्रदर्शनी में त्यौहार के अनुसार सजावटी वस्तुएं लाई जाती हैं। बंदरवाल को लिप्पन आर्ट और मिरर मोजेक आर्ट से तैयार किया गया है। स्टॉल में मौजूद सजावटी वस्तुएं हस्तनिर्मित हैं, जिसे तैयार करने का समान कोलकाता व दिल्ली से मंगाया जाता है।

**रायपुर।** दो दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान युवा पीढ़ी ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में गिफ्ट हैंपर एवं हैंड मेड क्राफ्ट आकर्षक का क्रेंद्र रहे, जिसकी खरीदी अधिक संख्या में की गई। इस वर्ष दीपावली पर्व के लिए डिजाइनर डोर हैंगर व बंदरवाल तैयार किया गया है। साथ ही श्रीकृष्ण के पोशाक, बच्चों के खिलौने, मेकअप, ज्वेलरी, वेस्टर्न ड्रेस, कुर्ती, पर्स के अनेक स्टॉल सजाए गए।



### लड्डू गोपाल के डिजाइनर पोशाक

प्रदर्शनी में एक स्टॉल लड्डू गोपाल के पोशाक की भी लगाई गई है। जहां 100 रुपए से लेकर 1200 रुपए तक के पोशाक मौजूद हैं। संचालक पूजा अग्रवाल ने बताया, कृष्णभक्त जन्माष्टमी के अलावा दीपावली में डिजाइनर पोशाक की खरीदी करना पसंद करते हैं। इस वर्ष डार्क कलर से अधिक डिमांड लाइट कलर संग हैवी वर्क और डिजाइनर ड्रेस की डिमांड है। पोशाक को पैचेस, बिट्स, स्टोन, लेस, चमकदार कपड़े, पिस्टल के साथ तैयार किया जा रहा है। जिसे कॉटन, वेलवेट व नेट फैब्रिक में तैयार किया गया है।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से भी कमाई

महाविद्यालय की छात्राओं ने भी अपना एक अनोखा स्टॉल लगाया, जो बच्चों से लेकर बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रदर्शनी में ऊन से तैयार सजावटी वस्तुएं जैसे की-रिंग, डॉल, टेडीबियर, मिरर, क्लचर, हेयर बैंड लाए गए हैं। जिसकी कीमत 99 रुपए से 1200 तक है। दुकान संचालक हिमांशी वर्मा व ईशा ने बताया, बीते 1 साल पहले ही ऊनी वस्तुएं तैयार करना शुरु किया। जिसके लिए अमृतसर के ऊन का प्रयोग किया जाता है। फिनिशिंग देने में लंबा वक्त लगता है। जिसके कारण कई वस्तुओं की कीमत को भी अधिक रख गया। वे इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में भी बेच रही हैं।

---

**कैंपस इवेंट**

## स्टूडेंट्स को मिले इंटरव्यू टिप्स बताए गए जवाब देने के तरीके



**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती में संचालित कॉमर्स विभाग में प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रबंध विभाग की ओर से 50 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 13 छात्रों का चयन कर साक्षात्कार किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा, छात्रों का सपना होता है कि एजूकेशन के साथ एक अच्छी नौकरी उन्हें मिल सके। इसी कामना के साथ महाविद्यालय ने छात्रों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया। यह प्लेसमेंट कैंप टेलकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से रखा गया था, जिसमें छात्रों ने अपना 100 प्रतिशत देते हुए साक्षात्कार दिया।

### योग्यता के आधार पर चयन

महाविद्यालय के डायरेक्टर ने बताया कि प्रबंध विभाग में हर साल प्लेसमेंट कैंप का आयोजन रखा जाता है ताकि छात्र भविष्य में कुछ अच्छा कर सकें। विद्यार्थी एक ऊंचे मुकाम पर पहुंच सकें, इसीलिए इस प्रकार के कैंप बहुत आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को प्लेसमेंट कैंप के लिए मार्गदर्शन किया और अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दी। कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने प्लेसमेंट की जानकारी देते हुए बताया कि प्लेसमेंट कैंप के लिए लगभग 50 छात्रों में 13 छात्रों का उनकी योग्यता अनुसार चयन कर साक्षात्कार किया गया है। यह साक्षात्कार सेल एक्जीक्यूटिव के पद के लिए लिया गया है, जो प्रबंधन विभाग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्लेसमेंट कैंप में प्रबंध विभाग से सभी प्राध्यापकगण शामिल रहे।

**आराधना**

## दीपावली से पहले बांटे जाएंगे निशुल्क दीए, चार दिनों तक चलेगा अभियान



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा निशुल्क दीया वितरण इस वर्ष भी किया जाएगा। दिवाली के उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का नाम एक दीया श्रीराम के नाम पर रखा गया है, जिसका पोस्टर विमोचन शदाणी दरबार तीर्थ में संत युधिष्ठिर लाल के हाथों किया गया। उन्होंने कहा एक अच्छा संदेश दिवाली पर्व में दिया जा रहा है। राम मंदिर बनने के बाद दिवाली के पूर्व श्रीराम भगवान के नाम से दीया वितरण बहुत शुभ है। ईश्वर सबका घर खुशियों से रोशन करे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, चार दिवस निशुल्क दीया वितरण का अभियान के अंतर्गत अलग-अलग जगह दिया वितरित किया जाएगा। बड़े पैमाने पर इसकी तैयारी की जा रही है। युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी ने बताया दीया वितरण की एक टीम बना दी गई है, जो पूरे काम को देखेगी।

### कल्याण का एक ही उपाय है सत्संग

*रायपुर। राजधानी के महामाया मंदिर प्रांगण में चल रहे भागवत महापुराण सप्ताह में कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से स्वामी राघवाचार्य ने बताया कि*



*कल्याण का एक ही उपाय है सत्संग। जब भगवान की विशेष कृपा होती है तो जीव को सत्संग का सौभाग्य प्राप्त होता है। संस्कृति चक्र में जीव के भ्रमण को देखकर अपने कर्मों के स्वरूप विविध योनियों में दुख पाते हुए देखकर भगवान के हृदय में जब करुणा उत्पन्न होती है तो भगवान ऐसी कृपा करते हैं कि उस जीव को सत्संग मिले और सत्संग में आकर वो भगवान की महिमा को सुनकर संसार की असारता को सुनकर, सार तत्व भगवान हैं, इस बात को समझकर भगवान का अनुगत होकर भगवत शरणागत हो, भक्ति के पथ पर चल पड़े और परम कल्याण को प्राप्त करे। यही भगवान की परम कृपा है। बिना सत्संग के, बिना भगवान की कथा के भगवत तत्व को कोई जान नहीं सकता।*

**सिटी लाइव**

## नजरअंदाज ना करें किडनी रोग के लक्षण, शुरुआती इलाज मददगार



**रायपुर।** लीवर सिरहोसिस जैसी बीमारी से पीड़ित तिल्दा निवासी 59 वर्षीय अनिल कुमार यादव को उनकी बेटी वंदना यादव राठी ने अपना पार्शियल लीवर डोनेट करके नया जीवन दिया है। 6 अक्टूबर को उनका सफल लीवर ट्रांसप्लांट श्री नारायणा हॉस्पिटल में हुआ। इससे पहले सालभर से अनिल का लीवर खराब होने से उन्हें बार-बार पीलिया, पेट में पानी भर जाता था, यहां तक कि बेहोश हो जाते और उन्हें खून की उल्टियां होती थी। इन सभी कठिनाइयों के कारण वे लगातार कमजोर होते चले गए। इससे उन्हें हॉस्पिटिलाइस्ड करना पड़ता था, मगर अब पिता-पुत्री पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। शुक्रवार को श्री नारायणा हॉस्पिटल में एक पत्रकारवार्ता के दौरान यह जानकारी मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने दी। सर्जन डॉ. हितेश दुबे, डॉ. सचिन वी. डागा सहित लीवर ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. भाविक शाह, एनेस्थेटिक डॉ. सीपी वट्टी डॉ. निशांत त्रिवेदी ने अनुभव साझा किए।

### 12 घंटे दो ओटी में सर्जरी

उन्होंने बताया कि लीवर ट्रांसप्लांट से पहले उनकी सघन जांच की गई। इसमें पाया कि अनिल लीवर फैलियर की स्थिति में है। उनका जीवन बचाने का एकमात्र उपचार लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी करना था। इसे क्लिनिकली भाषा में डीकंपनसेट लीवर सिरहोसिस कहते हैं। ऐसे मरीजों को इंफेक्शन और मेडिकल स्थिति खराब होने का खतरा होता है। इसके मद्देनजर पेशेंट की लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई। दो ओटी में लगातार 12 घंटे चली मेजर सर्जरी में जहां एक ओटी में डोनर का लीवर निकाला जा रहा था, उसी समय दूसरे ओटी में मरीज के लीवर के खराब हिस्से को निकाला जा रहा था, यानी एक साथ दोनों सफल सर्जरी को टीम वर्क के साथ किया।

---

दीपावली और धनतेरस से पहले बाजार करेगा बूम, शुभ मुहूर्त से कारोबारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद

## धनतेरस के पहले पुष्य नक्षत्र 24 को, अगले दिन दोपहर 12.30 तक रहेगा यह मुहूर्त

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व के साथ ही शुभ मुहूर्त और विशेष संयोग का क्रम खरीदारी के लिए शुरू हो चुका है। इस बार पिछले साल की तुलना में मुहूर्त अधिक है। दीपावली और धनतेरस से पहले शुभ मुहूर्त हर प्रकार की खरीदी के लिए मिलेंगे। इस दौरान बाजार के सभी सेक्टर में धन वर्षा होगी। दीपावली से पहले 24 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी गुरुवार को होने के कारण इसे गुरु पुष्य कहा जा रहा है। ज्योतिषशास्त्र के मुताबिक 27 नक्षत्रों में से पुष्य नक्षत्र को सबसे शुभ माना जाता है। पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई वस्तुएं स्थायी फलदायी मानी जाती हैं। इस दौरान हर प्रकार की खरीदी की जा सकती है। सराफा बाजार, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद है। हर साल पुष्य नक्षत्र जमकर बिक्री होती है। व्यापारियों ने मुहूर्त और संयोग के मुताबिक अपनी तैयारी पूरी कर ली है।



**बन रहे हैं ये योग**

- 24 अक्टूबर- पुष्य नक्षत्र में रवि-पुष्य शुभ योग
- 29 अक्टूबर को धनतेरस में प्रीति योग का निर्माण

### इस बार पूरे दिन रहेगा पुष्य नक्षत्र

पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई वस्तुएं फलदायी मानी जाती हैं। इस बार हर प्रकार की खरीदारी करने लोगों को पूरा समय मिलेगा, क्योंकि पुष्य नक्षत्र गुरुवार को पूरे दिन रहेगा। इसकी शुरुआत सुबह 11. 45 बजे से होगी। यह 25 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा। पुष्य नक्षत्र में की गई खरीदारी और शुरू किए गए व्यापार में बढ़ोतरी होती है। महामाया मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला के मुताबिक पुष्य नक्षत्र में चल संपत्ति आभूषणों में सोना, चांदी, हीरा, प्लैटिनम के आभूषण, ऑटोमोबाइल में चार पहिया वाहन, दोपहिया वाहन और इलेक्ट्रिक दोपहिया-चार पहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान में फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप, माइक्रोवेव ओवन आदि खरीदना शुभ रहेगा।

## 10वीं-12वीं के प्राइवेट स्टूडेंट्स अब 30 तक भर सकते हैं फॉर्म

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 अक्टूबर तक कर दी गई है। इस अवधि के दौरान, छात्र विशेष विलंब शुल्क 1540 रूपए प्रति छात्र के साथ फॉर्म भर सकते हैं। समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि वे इस समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन प्रविष्टि और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को पूर्ण करें। निर्धारित समय के पक्षात पोर्टल पुनः प्रारंभ नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी माशिम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### मार्च में संभावित हैं परीक्षाएं




*मंडल द्वारा प्रतिवर्ष दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं मार्च के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ की जाती है। इस सत्र में भी मार्च के प्रथम सप्ताह से परीक्षाएं संभावित हैं। नियमित छात्रों के साथ ही स्वाध्यायी छात्रों की परीक्षाएं भी होंगी। नियमित परीक्षार्थियों की आवेदन प्रक्रिया पहले ही पूर्ण हो चुकी है। वर्तमान में मात्र स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए पोर्टल खोला गया है।*

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ
सोफा कमबेड बीन बैग
EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
Mattress 30 से 50% लेस
रुई गद्दा 220/- रुई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रुई गद्दा 4x6=600/-
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रुपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
■ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
■ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
■ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
• हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking
Fire Detection | Boom Barrier Gate Automn | Audio Conf | Smart Class Set up | Walky Talky | Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

Bedsheet Factory
मानसरोवर
FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

## खबर संक्षेप

### गलतबयानी कर रहे बैज-भूपेश : डिप्टी सीएम



**रायपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बिरकोना और लोहरीडीह में आरोपियों को बचाने के आरोप लगाकर कवर्धा में घेराव की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, कितने आश्चर्य की बात है कि इतनी बड़ी पार्टी के मुखिया होकर भी उन्हें यह नहीं मालूम कि बिरकोना वाले मामले में जांच होकर आरोपी जेल में है। अब अगर वे यह चाहते हैं कि आरोपियों को निकाल कर फांसी दे दी जाए तो कानून सम्मत कार्य ही हो सकते हैं वे सिर्फ अपनी राजनीति के लिए घेराव करने की चेतावनी दे रहे हैं। इस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि कचरू साहू के हत्यारे के कहने पर 165 लोगों को आरोपी बनाया गया है। यहां भी भूपेश बघेल गलतबयानी कर रहे हैं। इतने महत्वपूर्ण दायित्व में रहने वाले व्यक्तियों को ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि यह बात पूर्णत असत्य है।

### सीएम ने पत्रकार इरा झा के निधन पर जताया शोक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ पत्रकार इरा झा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। श्री साय ने कहा कि उन्होंने देश के अनेक प्रतिष्ठित अखबारों में काम किया। उनका निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### महंत को ओडिशा कांग्रेस का विवाद सुलझाने की जिम्मेदारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत को कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उनको अब ओडिशा कांग्रेस का विवाद सुलझाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समन्वयक बनाया है। डॉ महंत ओडिशा कांग्रेस की लीडरशिप और उससे जुड़े मसलों की रिपोर्ट तैयार करेंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से मिली इस जिम्मेदारी को लेकर डॉ. महंत ने आभार जताते हुए कहा, इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी से पूर्ण करने का भरोसा दिलाता हूं। वे ओडिशा के मामले में मीनाक्षी नटराजन के साथ समन्वय करेंगे।

# छत्तीसगढ़ के आरटीओ बैरियर आएंगे डिजिटल मोड में, मानव रहित नाकों में हो सकेगी वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में संचालित 13 आरटीओ बैरियर को अब इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल मोड में लाने की तैयारी है। कोशिश ये है कि बैरियरों को मानव रहित बनाया जाए। इस संबंध में परिवहन विभाग ने अध्ययन शुरू कर दिया है।

■ नई व्यवस्था बनाने के लिए शुरू किया गया अध्ययन

इस सिलसिले में सचिव, परिवहन-सह-परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त, डी. रविशंकर द्वारा एटीएस सेंटर, संचालक से सेंटर में वाहनों के फिटनेस किये जाने की कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई और ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा का औचक निरीक्षण किया गया। परिवहन विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि अब राज्य के आरटीओ बैरियर को मानव रहित बनाने की तैयारी है। कोशिश ये रहेगी कि कोई भी वाहन जब बैरियर पर आए, तो कैमरों के माध्यम से उसके फिटनेस व अन्य चीजों की गाड़ी के संबंध में पूरी जानकारी मिल जाएगी। इस काम के लिए वाहन पोर्टल भी बना है। गाड़ियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड होने के बाद उसमें पाई गई कमियों के आधार पर ऑटोमेटिक चालान जनरेट हो जाएगा। बताया गया है कि राज्यभर के सभी आरटीओ बैरियर में इस प्रकार की व्यवस्था बनाने के संबंध में अध्ययन किया जा रहा है।

## अधिकारियों ने पाटेकोहरा बैरियर पर जाकर देखा हाल

### अधिकारियों ने बैरियर पर जाकर की जांच

बताया गया है कि परिवहन विभाग के अधिकारी एस. प्रकाश व डी.रविशंकर ने दुर्ग में स्थापित ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा का औचक निरीक्षण किया गया। एटीएस सेंटर, संचालक से सेंटर में वाहनों के फिटनेस किये जाने की कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई। फिटनेस सेंटर में वाहनों के फिटनेस संबंधी प्रक्रिया, स्थापित उपकरण एवं मशीनों के ऑपरेटिंग प्रणाली, इसके रखरखाव, तकनीकी खामियों आने पर सुधार संबंधी कार्यवाही, साफ्टवेयर ऑपरेटिंग एवं आपातकालीन स्थितियों में अन्य वैकल्पिक व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया गया। एसटीएस संचालक को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये।



### बैरियर पर चेकिंग व्यवस्था की जांच

राज्य के सीमावर्ती परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा में निरीक्षण किया गया। सीमावर्ती महाराष्ट्र राज्य में वाहन चेकिंग व्यवस्था तथा जांच चौकी में आधुनिकीकरण के तहत निरीक्षण के दौरान अन्य राज्यों से आने जाने वाले वाहनों के चेकिंग व्यवस्था का अवलोकन किया गया। कार्यों के संपादन में बेहतर तकनीकी तौर तरीके से जांच चौकियों को अपडेट किया जा सकता है, इस पर विचार किया गया। अधिकारियों ने बैरियर कर्मियों को निर्देश दिया है कि जिन वाहनों की जांच में कमियां पाई जाएंगी, उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## पहले दिन 8 नामांकन फार्म बिके

# पार्टी से नाम तय नहीं, कांग्रेस से प्रमोद दुबे ने लिया नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की शुक्रवार को अधिसूचना जारी हो गई। इसी के साथ कलेक्टोरेट में नामांकन पत्र बिकना भी शुरू हो गया है। उपचुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों की ओर से उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन नामांकन पत्र प्रक्रिया के पहले दिन ही कांग्रेस से दावेदारी आनी शुरू हो गई है। कांग्रेस के सीनियर लीडर एवं रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने नामांकन फार्म खरीदकर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। प्रमोद दुबे वर्तमान में नगर निगम के सभापति भी हैं। उनके द्वारा नामांकन फार्म खरीदने से संगठन के अन्य नेताओं में सुगबुगाहट बढ़ चुकी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी के साथ चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अधिसूचना हिन्दी और अंग्रेजी दो भाषाओं में जारी की गई है, जिसे रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स के कार्यालयों के सूचना पटल पर सार्वजनिक भी की गई है। इसके साथ ही चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदना भी शुरू कर दिया है।




### पहले दिन 8 नामांकन फार्म बिके

चुनाव प्रक्रिया के शुरू होने के पहले दिन 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा है। इनमें कांग्रेस से प्रमोद दुबे, समाजवादी पार्टी से मनीष श्रीवास्तव, लोक जनशक्ति पार्टी से जया राम पवार, सुंदर समाज पार्टी से राम कुमार अजगल्ले, राईट टू रिकाल पार्टी से चम्पालाल मरार, भू सेना से नीरज सोनी के अलावा 2 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदा है। इनमें आशीष पांडेय, राधेश्वरी गायकवाड़ शामिल हैं।

### 25 अक्टूबर तक होंगे नामांकन दाखिल

उपचुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन फार्म की बिक्री और नामांकन दाखिल 25 अक्टूबर तक होंगे। प्रत्याशी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-9 में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन जमा करने के बाद 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी और 30 अक्टूबर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

### इससे पूर्व चुनाव में 23 प्रत्याशी खड़े हुए थे मैदान में

विधानसभा 2023 के चुनाव में रायपुर दक्षिण सीट के लिए 36 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें से 13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था, जिसके बाद चुनाव में 23 प्रत्याशी मैदान में थे। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने इस सीट पर रिकार्ड मतों से जीत हासिल की थी। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हो गई है। इस सीट के लिए दोबारा चुनाव कराया जा रहा है।

### सबसे ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी इसी सीट से लड़ते हैं चुनाव

पिछले 20 वर्षों का आकड़ा बताता है कि रायपुर जिले के सातों विधानसभा सीट में सबसे ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी रायपुर दक्षिण सीट पर खड़े होते हैं। पिछले चुनाव में इस सीट के लिए 24 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म भरा था, जिनमें से 12 ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिए थे, वहीं 12 निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। उपचुनाव में इस बार कितने निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। लोगों के साथ प्रमुख राजनीतिक दलों की इस पर भी नजर रहेगी।

# बैज बोले- धान खरीदी 1 नवंबर से की जाए और समय भी बढ़ाया जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रहा है। सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है कि पहले ही सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरुआत देर से की जा रही है, तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। प्रदेश सरकार को खरीदी एक नवंबर से ही करनी चाहिए और समय भी बढ़ाना चाहिए।

श्री बैज ने कहा कि इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रुपए में करे, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रुपए में धान खरीदी की थी। श्री बैज ने कहा, सरकार किसानों का बकाया राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान दीपावली से करें ताकि किसान दीपावली मना सकें।

### सरकार आदिवासियों पर अत्याचार कर रही

श्री बैज ने कहा, हसदेव में भाजपा सरकार अत्याचार कर रही है। आदिवासियों को उनके जल, जंगल, जमीन से बेदखल करने की साजिश रची जा रही है। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। वन कटाई का विरोध कर रहे आदिवासियों की क्रूरतापूर्वक पिटाई की गई है। सरकार क्रूर हो चुकी है। कांग्रेस हसदेव कटाई के खिलाफ है हम वहां के निवासियों के साथ में है और रहेंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी इस मसले को गंभीरता से ले रही है। हमने निर्णय लिया है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी और हमारे विधायक साथियों के साथ हम शनिवार को हसदेव जाएंगे। श्री बैज ने कहा कि ये सदस्यता अभियान भारतीय जनता पार्टी का फर्जी सदस्यता अभियान है।

# नगरीय निकाय, पंचायतों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सिफारिश जल्द

## डाटा मिला पूरा, विश्लेषण अंतिम दौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट जल्द ही सरकार को दी जा सकती है। इस रिपोर्ट में आयोग यह अनुशंसा करेगा कि दोनों चुनावों में ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। इससे पहले आयोग ने कलेक्टरों से सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट से संबंधित डाटा आयोग को मिल गया है। आयोग अब डाटा के विश्लेषण में जुटा है, यह काम अंतिम दौर में है।

आयोग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य के सभी जिलों से ओबीसी का आंकड़ा मिल चुका है। अब आंकड़ों का विश्लेषण इस हिसाब से किया जा रहा है कि कोई




त्रुटि न रह जाए। बताया गया है कि यह डाटा जुटाने के लिए प्रदेश की सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में तीन-तीन लोग तथा नगरीय निकाय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बीएलओ ने मिलकर यह पूरा काम किया है। अब आयोग का अंतिम दौर का काम पूरा होते ही नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव में आरक्षण संबंधी अनुशंसा की जाएगी। सरकार द्वारा इसे मान्य किए जाने के बाद आरक्षण की व्यवस्था लागू होगी।

### अब आयोग करेगा ये काम

आयोग के सूत्रों की मानें तो अंतरिम रिपोर्ट का डाटा मिलने के बाद अब आयोग का काम आसान हो गया है। आयोग को इस रिपोर्ट में यह जानकारी चाहिए थी कि हर नगरीय निकाय और पंचायत क्षेत्र के वार्डों में ओबीसी परिवारों की संख्या कितनी है और एक परिवार में कितने लोग रहते हैं। बताया गया है कि राज्यभर में ओबीसी आरक्षण निकायवार और पंचायतवार दिया जाएगा।

### निकायों में अध्यक्षों का भी होगा आरक्षण

बताया गया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग राज्यभर में सभी नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही ये तय किया जाएगा कि किस वार्ड में ओबीसी समुदाय की संख्या कितनी है। इसी आधार पर तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। इसी आधार पर यह भी तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष किस वर्ग का होगा।

दिग्गज नेताओं के घरों पर दस्तक देकर दिलाई जा रही सक्रिय सदस्यता

# बैस, मूणत, पुरंदर, बृजमोहन को बनाया भाजपा का सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में अब 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान भी प्रारंभ किया गया है। 50 या इससे ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सक्रिय सदस्यता देने का प्रावधान है। रायपुर जिला संगठन ने अब राजधानी रायपुर में रहने वाले दिग्गज नेताओं के घरों पर दस्तक देकर उनको सक्रिय सदस्य बनाने का क्रम प्रारंभ किया है। शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल और रायपुर के पूर्व सांसद रमेश बैस के साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत और पुरंदर मिश्रा के घर जाकर जिले के पदाधिकारियों ने इनको सक्रिय सदस्य बनाया। यह क्रम लगातार चलेगा। प्रदेश भर के दिग्गज नेताओं को उनके जिलों में जिलों के



पदाधिकारी उनके घर जाकर सक्रिय सदस्य बनाएंगे। जो सामान्य कार्यकर्ता हैं उनको सक्रिय सदस्यता लेने के लिए जिलों में आवेदन करना होगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देश भर में सदस्यता अभियान प्रारंभ किया है। सामान्य सदस्य बनाने के लिए पहले 15 अक्टूबर तक की समय सीमा तय की गई थी। तय समय में प्रदेश में 60 लाख सदस्य न बन पाने के कारण अब 31 अक्टूबर तक सामान्य सदस्य बनाने का काम भी चलेगा, लेकिन इसी के साथ 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्य बनाने का काम भी प्रदेशभर में प्रारंभ किया गया है। इसके लिए सभी जिलों में संयोजक और सहसंयोजक भी बनाए गए हैं।

### दिग्गज नेताओं के घर जाएंगे

सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने तय किया है प्रदेश के जो भी वरिष्ठ नेता हैं, उनके सम्मान को देखते हुए उनके घरों तक जिलों के पदाधिकारी जाकर उनको सक्रिय सदस्य बनाने का काम करेंगे। रायपुर जिले के जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, सक्रिय सदस्य अभियान के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव, जिला संयोजक छगन मूंदड़ा और सह संयोजक सत्यम दुवा शुक्रवार को सबसे पहले रमेश बैस के घर पहुंचे और उनको सक्रिय सदस्य बनाया। इसके बाद विधायक पुरंदर मिश्रा, राजेश मूणत और रात को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से घर जाकर उनको भी सक्रिय सदस्य बनाया गया। इन नेताओं से सक्रिय सदस्यता के शुल्क के रूप में सौ-सौ रुपए भी लिए गए। इसके पहले छगन मुंदड़ा को भी सक्रिय सदस्य बनाया गया।

प्रो.नं. 1180/24 MACT NO 01/2024
पेशी दिनांक 13-11-2024

आम ईश्तहार

न्यायालयः- सत्येन्द्र कुमार साहू, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

लक्ष्मी नारायण भारद्वाज ..................आवेदक
बनाम
कामता प्रसाद साहू वगैरह ........अनावेदकगण

उपरोक्त आवेदक के द्वारा कामता प्रसाद साहू वगैरह के विरुद्ध न्यायालयः- सत्येन्द्र कुमार साहू, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के समक्ष MACT No 01/2024 प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 13-11-2024 की तिथि नियत है।

MACT No 01/2024 में आवेदक के द्वारा अनावेदक क्रमांक 02 मेसर्स एस.के. कार्गो एंड लॉजेस्टीक, पता चावला काम्पलेक्स, हैरिटेज हॉस्पिटल, सेक्टर-03, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) की उपस्थिति/जवाब हेतु नियत है।

अतः समाचार पत्र के माध्यम से आप मेसर्स एस.के. कार्गो एंड लॉजेस्टीक को उक्त प्रकरण के पेशी दिनांक 13-11-2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना दी जाती है। निधारित दिनांक को आप न्यायालय में उपस्थिति नहीं होते है तो आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक 13-11-2024 को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 14-10-2024 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सत्येन्द्र कुमार साहू)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 06/2024-25

वार्ड का नाम- डुमरतराई थोक बाजार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/ भूमि डुमरतराई थोक बाजार दुकान नं. 127 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती सरला गंगवानी W/O स्व. दिलीप गंगवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/ श्रीमती मुकेश कुमार अल्वा S/O सुदामा प्रसाद विक्की अल्वा S/O सत्यवान अल्वा ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानाम/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम पालिक अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। सूचना जाने।

सहायक अधिकारी
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र / नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इन्द्रेश कुमार मैथिल उम्र 44 वर्ष पिता मोती लाल मैथिल, निवासी म.नं. 42, ब्लॉक नं कचना रोड, एश्वर्य किंगडम, कचना फेस-2, हाउसिंग बोर्ड रायपुर छ.ग. की हूँ, मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम केशव कुमार कामडी पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल दर्ज है। जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज है, मेरे पुत्र का सही नाम कोमल मैथिल पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल रखा गया है जो कि मेरे पुत्र के कक्षा दसवीं के अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है, मेरे पुत्र का सही नाम समस्त प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूँ।

अतः अब से मेरे पुत्र को कोमल मैथिल पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल के नाम से जाना, पहचाना पुकारा व दर्ज किया जावें।

पुराना नाम/त्रुटि नाम- केशव कुमार कामडी पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल निवासी म.नं. 42, ब्लॉक नं. 03 कचना रोड, एश्वर्य किंगडम, कचना फेस-2. हाउसिंग बोर्ड रायपुर (छ.ग.)

नया नाम- कोमल मैथिल पिता-इन्द्रेश कुमार मैथिल निवासी- म.नं. 42. ब्लॉक नं. 03, कचना रोड, एश्वर्य किंगडम, कचना फेस-2, हाउसिंग बोर्ड रायपुर (छ.ग.)

शपथकर्ता

-:सत्यापन:-

मैं शपथकर्ता, यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है, अतः मैने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202410104300063/ अ-2/ वर्ष 2024
ग्राम- जंजगिरी, प.ह.नं 11 तहसील भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स साबा इन्फ्रावेंचर्स, पार्टनर- संजय बघेल पिता स्व. एन. एल. बघेल, निवासी- 59, रोहणीपुरम शहनाई गार्डन के सामने, गोल चौक के पास रायपुर के द्वारा ग्राम जंजगिरी, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. कुम्हारी, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 15009 कुल रकबा 1.578 हे. को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से जारी विकास अनुज्ञा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 25.10.2024 को सुनवाई हेतु नियत है। अतः उक्त भूमि का आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 25.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

(मुहर)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

वाके मौजा सकरी जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 432/10, रकबा 0.2260 हेक्टेयर कृषि भूमि के संदर्भ में,

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता श्री भार्गव कावठिया पिता श्री संजय कावठिया निवासी मोवा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की ऊपर वर्णित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है, शेष राशि का भुगतान, बैनामे के निष्पादन के समय किए जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति है तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी उजर, आपत्ति सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय, में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद के कोई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और वह अपने पक्ष में बैनामा रजिस्ट्री करवा लेगा।

सो सूचना जाने

रायपुर छत्तीसगढ़
दिनांक 18.10.2024

सुमित बरोरे, अधिवक्ता
Add-RING ROAD LAXMI NAGAR, JHANDA CHOWK, Raipur (C.G.)
मो.नं.-9993644743

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गलतबयानी कर रहे बैज-भूपेश : डिप्टी सीएम



रायपुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बिरकोना और लोहरीडीह में आरोपियों को बचाने के आरोप लगाकर कवर्धा में घेराव की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, कितने आश्चर्य की बात है कि इतनी बड़ी पार्टी के मुखिया होकर भी उन्हें यह नहीं मालूम कि बिरकोना वाले मामले में जांच होकर आरोपी जेल में है। अब अगर वे यह चाहते हैं कि आरोपियों को निकाल कर फांसी दे दी जाए तो कानून सम्मत कार्य ही हो सकते हैं वे सिर्फ अपनी राजनीति के लिए घेराव करने की चेतावनी दे रहे हैं। इस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि कचरू साहू के हत्यारे के कहने पर 165 लोगों को आरोपी बनाया गया है। यहां भी भूपेश बघेल गलतबयानी कर रहे हैं। इतने महत्वपूर्ण दायित्व में रहने वाले व्यक्तियों को ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि यह बात पूर्णत असत्य है।

### सीएम ने पत्रकार इरा झा के निधन पर जताया शोक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ पत्रकार इरा झा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। श्री साय ने कहा कि उन्होंने देश के अनेक प्रतिष्ठित अखबारों में काम किया। उनका निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### महंत को ओडिशा कांग्रेस का विवाद सुलझाने की जिम्मेदारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत को कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उनको अब ओडिशा कांग्रेस का विवाद सुलझाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समन्वयक बनाया है। डॉ महंत ओडिशा कांग्रेस की लीडरशिप और उससे जुड़े मसलों की रिपोर्ट तैयार करेंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से मिली इस जिम्मेदारी को लेकर डॉ. महंत ने आभार जताते हुए कहा, इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी से पूर्ण करने का भरोसा दिलाता हूं। वे ओडिशा के मामले में मीनाक्षी नटराजन के साथ समन्वय करेंगे।




प्रो.नं. 1180/24 MACT NO 01/2024
पेशी दिनांक 13-11-2024

आम ईश्तहार

**न्यायालयः- सत्येन्द्र कुमार साहू, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

लक्ष्मी नारायण भारद्वाज ..................आवेदक
बनाम
कामता प्रसाद साहू वगैरह ........अनावेदकगण

उपरोक्त आवेदक के द्वारा कामता प्रसाद साहू वगैरह के विरुद्ध न्यायालयः- सत्येन्द्र कुमार साहू, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के समक्ष MACT No 01/2024 प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 13-11-2024 की तिथि नियत है।

MACT No 01/2024 में आवेदक के द्वारा अनावेदक क्रमांक 02 मेसर्स एस.के. कार्गो एंड लॉजेस्टीक, पता चावला काम्पलेक्स, हैरिटेज हॉस्पिटल, सेक्टर-03, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) की उपस्थिति/जवाब हेतु नियत है।

अतः समाचार पत्र के माध्यम से आप मेसर्स एस.के. कार्गो एंड लॉजेस्टीक को उक्त प्रकरण के पेशी दिनांक 13-11-2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना दी जाती है। निधारित दिनांक को आप न्यायालय में उपस्थिति नहीं होते है तो आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक 13-11-2024 को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 14-10-2024 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सत्येन्द्र कुमार साहू)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला कोरबा (छ.ग.)



**ईश्तहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

नामांतरण प्र.क्र. 06/2024-25

वार्ड का नाम- डुमरतराई थोक बाजार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/ भूमि डुमरतराई थोक बाजार दुकान नं. 127 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती सरला गंगवानी W/O स्व. दिलीप गंगवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/ श्रीमती मुकेश कुमार अल्वा S/O सुदामा प्रसाद विक्की अल्वा S/O सत्यवान अल्वा ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानाम/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम पालिक अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। सूचना जाने।

सहायक अधिकारी
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)


# छत्तीसगढ़ के आरटीओ बैरियर आएंगे डिजिटल मोड में, मानव रहित नाकों में हो सकेगी वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में संचालित 13 आरटीओ बैरियर को अब इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल मोड में लाने की तैयारी है। कोशिश ये है कि बैरियरों को मानव रहित बनाया जाए। इस संबंध में परिवहन विभाग ने अध्ययन शुरू कर दिया है।

■ नई व्यवस्था बनाने के लिए शुरू किया गया अध्ययन

इस सिलिसले में सचिव, परिवहन-सह-परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त, डी. रविशंकर द्वारा एटीएस सेंटर, संचालक से सेंटर में वाहनों के फिटनेस किये जाने की कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई और ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा का औचक निरीक्षण किया गया। परिवहन विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि अब राज्य के आरटीओ बैरियर को मानव रहित बनाने की तैयारी है। कोशिश ये रहेगी कि कोई भी वाहन जब बैरियर पर आए, तो कैमरों के माध्यम से उसके फिटनेस व अन्य चीजों की गाड़ी के संबंध में पूरी जानकारी मिल जाएगी। इस काम के लिए वाहन पोर्टल भी बना है। गाड़ियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड होने के बाद उसमें पाई गई कमियों के आधार पर ऑटोमेटिक चालान जनरेट हो जाएगा। बताया गया है कि राज्यभर के सभी आरटीओ बैरियर में इस प्रकार की व्यवस्था बनाने के संबंध में अध्ययन किया जा रहा है।

## अधिकारियों ने पाटेकोहरा बैरियर पर जाकर देखा हाल

### अधिकारियों ने बैरियर पर जाकर की जांच

बताया गया है कि परिवहन विभाग के अधिकारी एस. प्रकाश वे डी.रविशंकर ने दुर्ग में स्थापित ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा का औचक निरीक्षण किया गया। एटीएस सेंटर, संचालक से सेंटर में वाहनों के फिटनेस किये जाने की कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई। फिटनेस सेंटर में वाहनों के फिटनेस संबंधी प्रक्रिया, स्थापित उपकरण एवं मशीनों के ऑपरेटिंग प्रणाली, इसके रखरखाव, तकनीकी खामियों आने पर सुधार संबंधी कार्यवाही, साफ्टवेयर ऑपरेटिंग एवं आपातकालीन स्थितियों में अन्य वैकल्पिक व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया गया। एसटीएस संचालक को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये।



### बैरियर पर चेकिंग व्यवस्था की जांच

राज्य के सीमावर्ती परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा में निरीक्षण किया गया। सीमावर्ती महाराष्ट्र राज्य में वाहन चेकिंग व्यवस्था तथा जांच चौकी में आधुनिकीकरण के तहत निरीक्षण के दौरान अन्य राज्यों से आने जाने वाले वाहनों के चेकिंग व्यवस्था का अवलोकन किया गया। कार्यों के संपादन में बेहतर तकनीकी तौर तरीके से जांच चौकियों को अपडेट किया जा सकता है, इस पर विचार किया गया। अधिकारियों ने बैरियर कर्मियों को निर्देश दिया है कि जिन वाहनों की जांच में कमियां पाई जाएंगी, उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## पहले दिन 8 नामांकन फार्म बिके

# पार्टी से नाम तय नहीं, कांग्रेस से प्रमोद दुबे ने लिया नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की शुक्रवार को अधिसूचना जारी हो गई। इसी के साथ कलेक्टोरेट में नामांकन पत्र बिकना भी शुरू हो गया है। उपचुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों की ओर से उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन नामांकन पत्र प्रक्रिया के पहले दिन ही कांग्रेस से दावेदारी आनी शुरू हो गई है। कांग्रेस के सीनियर लीडर एवं रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने नामांकन फार्म खरीदकर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। प्रमोद दुबे वर्तमान में नगर निगम के सभापति भी हैं। उनके द्वारा नामांकन फार्म खरीदने से संगठन के अन्य नेताओं में सुगबुगाहट बढ़ चुकी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी के साथ चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अधिसूचना हिन्दी और अंग्रेजी दो भाषाओं में जारी की गई है, जिसे रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स के कार्यालयों के सूचना पटल पर सार्वजनिक भी की गई है। इसके साथ ही चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदना भी शुरू कर दिया है।



### पहले दिन 8 नामांकन फार्म बिके

चुनाव प्रक्रिया के शुरू होने के पहले दिन 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा है। इनमें कांग्रेस से प्रमोद दुबे, समाजवादी पार्टी से मनीष श्रीवास्तव, लोक जनशक्ति पार्टी से जया राम पवार, सुंदर समाज पार्टी से राम कुमार अजगल्ले, राईट टू रिकाल पार्टी से चम्पालाल मरार, भू सेना से नीरज सोनी के अलावा 2 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदा है। इनमें आशीष पांडेय, राधेश्वरी गायकवाड़ शामिल हैं।

### 25 अक्टूबर तक होंगे नामांकन दाखिल

उपचुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन फार्म की बिक्री और नामांकन दाखिल 25 अक्टूबर तक होंगे। प्रत्याशी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-9 में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन जमा करने के बाद 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी और 30 अक्टूबर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

### इससे पूर्व चुनाव में 23 प्रत्याशी खड़े हुए थे मैदान में

विधानसभा 2023 के चुनाव में रायपुर दक्षिण सीट के लिए 36 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें से 13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था, जिसके बाद चुनाव में 23 प्रत्याशी मैदान में थे। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने इस सीट पर रिकार्ड मतों से जीत हासिल की थी। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हो गई है। इस सीट के लिए दोबारा चुनाव कराया जा रहा है।

### सबसे ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी इसी सीट से लड़ते हैं चुनाव

पिछले 20 वर्षों का आकड़ा बताता है कि रायपुर जिले के सातों विधानसभा सीट में सबसे ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी रायपुर दक्षिण सीट पर खड़े होते हैं। पिछले चुनाव में इस सीट के लिए 24 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म भरा था, जिनमें से 12 ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिए थे, वहीं 12 निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। उपचुनाव में इस बार कितने निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। लोगों के साथ प्रमुख राजनीतिक दलों की इस पर भी नजर रहेगी।

# बैज बोले- धान खरीदी 1 नवंबर से की जाए और समय भी बढ़ाया जाए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रहा है। सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है कि पहले ही सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरुआत देर से की जा रही है, तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। प्रदेश सरकार को खरीदी एक नवंबर से ही करनी चाहिए और समय भी बढ़ाना चाहिए।

श्री बैज ने कहा कि इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रुपए में करे, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रुपए में धान खरीदी की थी। श्री बैज ने कहा, सरकार किसानों का बकाया राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान दीपावली से करें ताकि किसान दीपावली मना सकें।

### सरकार आदिवासियों पर अत्याचार कर रही

श्री बैज ने कहा, हसदेव में भाजपा सरकार अत्याचार कर रही है। आदिवासियों को उनके जल, जंगल, जमीन से बेदखल करने की साजिश रची जा रही है। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। वन कटाई का विरोध कर रहे आदिवासियों की क्रूरतापूर्वक पिटाई की गई है। सरकार क्रूर हो चुकी है। कांग्रेस हसदेव कटाई के खिलाफ है हम वहां के निवासियों के साथ में है और रहेंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी इस मसले को गंभीरता से ले रही है। हमने निर्णय लिया है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी और हमारे विधायक साथियों के साथ हम शनिवार को हसदेव जाएंगे। श्री बैज ने कहा कि ये सदस्यता अभियान भारतीय जनता पार्टी का फर्जी सदस्यता अभियान है।

# नगरीय निकाय, पंचायतों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सिफारिश जल्द

## डाटा मिला पूरा, विश्लेषण अंतिम दौर में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट जल्द ही सरकार को दी जा सकती है। इस रिपोर्ट में आयोग यह अनुशंसा करेगा कि दोनों चुनावों में ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। इससे पहले आयोग ने कलेक्टरों से सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट से संबंधित डाटा आयोग को मिल गया है। आयोग अब डाटा के विश्लेषण में जुटा है, यह काम अंतिम दौर में है।

आयोग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य के सभी जिलों से ओबीसी का आंकड़ा मिल चुका है। अब आंकड़ों का विश्लेषण इस हिसाब से किया जा रहा है कि कोई त्रुटि न रह जाए। बताया गया है कि यह डाटा जुटाने के लिए प्रदेश की सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में तीन-तीन लोग तथा नगरीय निकाय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बीएलओ ने मिलकर यह पूरा काम किया है। अब आयोग का अंतिम दौर का काम पूरा होते ही नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव में आरक्षण संबंधी अनुशंसा की जाएगी। सरकार द्वारा इसे मान्य किए जाने के बाद आरक्षण की व्यवस्था लागू होगी।




### अब आयोग करेगा ये काम

आयोग के सूत्रों की मानें तो अंतरिम रिपोर्ट का डाटा मिलने के बाद अब आयोग का काम आसान हो गया है। आयोग को इस रिपोर्ट में यह जानकारी चाहिए थी कि हर नगरीय निकाय और पंचायत क्षेत्र के वार्डों में ओबीसी परिवारों की संख्या कितनी है और एक परिवार में कितने लोग रहते हैं। बताया गया है कि राज्यभर में ओबीसी आरक्षण निकायवार और पंचायतवार दिया जाएगा।

### निकायों में अध्यक्षों का भी होगा आरक्षण

बताया गया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग राज्यभर में सभी नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही ये तय किया जाएगा कि किस वार्ड में ओबीसी समुदाय की संख्या कितनी है। इसी आधार पर तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। इसी आधार पर यह भी तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष किस वर्ग का होगा।

दिग्गज नेताओं के घरों पर दस्तक देकर दिलाई जा रही सक्रिय सदस्यता

# बैस, मूणत, पुरंदर, बृजमोहन को बनाया भाजपा का सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में अब 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान भी प्रारंभ किया गया है। 50 या इससे ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सक्रिय सदस्यता देने का प्रावधान है। रायपुर जिला संगठन ने अब राजधानी रायपुर में रहने वाले दिग्गज नेताओं के घरों पर दस्तक देकर उनको सक्रिय सदस्य बनाने का क्रम प्रारंभ किया है। शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल और रायपुर के पूर्व सांसद रमेश बैस के साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत और पुरंदर मिश्रा के घर जाकर जिले के पदाधिकारियों ने इनको सक्रिय सदस्य बनाया। यह क्रम लगातार चलेगा। प्रदेश भर के दिग्गज नेताओं को उनके जिलों में जिलों के पदाधिकारी उनके घर जाकर सक्रिय सदस्य बनाएंगे। जो सामान्य कार्यकर्ता हैं उनको सक्रिय सदस्यता लेने के लिए जिलों में आवेदन करना होगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देश भर में सदस्यता अभियान प्रारंभ किया है। सामान्य सदस्य बनाने के लिए पहले 15 अक्टूबर तक की समय सीमा तय की गई थी। तय समय में प्रदेश में 60 लाख सदस्य न बन पाने के कारण अब 31 अक्टूबर तक सामान्य सदस्य बनाने का काम भी चलेगा, लेकिन इसी के साथ 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्य बनाने का काम भी प्रदेशभर में प्रारंभ किया गया है। इसके लिए सभी जिलों में संयोजक और सहसंयोजक भी बनाए गए हैं।



### दिग्गज नेताओं के घर जाएंगे

सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने तय किया है प्रदेश के जो भी वरिष्ठ नेता हैं, उनके सम्मान को देखते हुए उनके घरों तक जिलों के पदाधिकारी जाकर उनको सक्रिय सदस्य बनाने का काम करेंगे। रायपुर जिले के जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, सक्रिय सदस्य अभियान के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव, जिला संयोजक छगन मूंदड़ा और सह संयोजक सत्यम दुवा शुक्रवार को सबसे पहले रमेश बैस के घर पहुंचे और उनको सक्रिय सदस्य बनाया। इसके बाद विधायक पुरंदर मिश्रा, राजेश मूणत और रात को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से घर जाकर उनको भी सक्रिय सदस्य बनाया गया। इन नेताओं से सक्रिय सदस्यता के शुल्क के रूप में सौ-सौ रुपए भी लिए गए। इसके पहले छगन मुंदड़ा को भी सक्रिय सदस्य बनाया गया।


**शपथ पत्र / नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इन्द्रेश कुमार मैथिल उम्र 44 वर्ष पिता मोती लाल मैथिल, निवासी म.नं. 42, ब्लॉक नं कचना रोड, एश्वर्य किंगडम, कचना फेस-2, हाउसिंग बोर्ड रायपुर छ.ग. की हूँ, मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम केशव कुमार कामडी पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल दर्ज है। जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज है, मेरे पुत्र का सही नाम कोमल मैथिल पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल रखा गया है जो कि मेरे पुत्र के कक्षा दसवीं के अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है, मेरे पुत्र का सही नाम समस्त प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूँ।

अतः अब से मेरे पुत्र को कोमल मैथिल पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल के नाम से जाना, पहचाना पुकारा व दर्ज किया जावें।

पुराना नाम/त्रुटि नाम- केशव कुमार कामडी पिता इन्द्रेश कुमार मैथिल निवासी म.नं. 42, ब्लॉक नं. 03 कचना रोड, एश्वर्य किंगडम, कचना फेस-2. हाउसिंग बोर्ड रायपुर (छ.ग.)

नया नाम- कोमल मैथिल पिता-इन्द्रेश कुमार मैथिल निवासी- म.नं. 42. ब्लॉक नं. 03, कचना रोड, एश्वर्य किंगडम, कचना फेस-2, हाउसिंग बोर्ड रायपुर (छ.ग.)

शपथकर्ता

-:सत्यापन:-

मैं शपथकर्ता, यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है, अतः मैने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202410104300063/ अ-2/ वर्ष 2024
ग्राम- जंजगिरी, प.ह.नं 11 तहसील भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स साबा इन्फ्रावेंचर्स, पार्टनर- संजय बघेल पिता स्व. एन. एल. बघेल, निवासी- 59, रोहणीपुरम शहनाई गार्डन के सामने, गोल चौक के पास रायपुर के द्वारा ग्राम जंजगिरी, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. कुम्हारी, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 15009 कुल रकबा 1.578 हे. को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से जारी विकास अनुज्ञा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 25.10.2024 को सुनवाई हेतु नियत है। अतः उक्त भूमि का आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 25.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)



**आम सूचना**

वाके मौजा सकरी जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 432/10, रकबा 0.2260 हेक्टेयर कृषि भूमि के संदर्भ में,

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता श्री भार्गव कावठिया पिता श्री संजय कावठिया निवासी मोवा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की ऊपर वर्णित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है, शेष राशि का भुगतान, बैनामे के निष्पादन के समय किए जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति है तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी उजर, आपत्ति सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय, में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद के कोई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और वह अपने पक्ष में बैनामा रजिस्ट्री करवा लेगा।

सो सूचना जाने

रायपुर छत्तीसगढ़
दिनांक 18.10.2024

सुमित बरोरे, अधिवक्ता
Add-RING ROAD LAXMI NAGAR, JHANDA CHOWK, Raipur (C.G.)
मो.नं.-9993644743



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षो से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने मनाई शरद पूर्णिमा

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच की पदाधिकारियों ने रायपुरा स्थित शिखा सदन में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में चांदनी रात में चंद्रमा की शीतलता से अमृत वर्षा पश्चात खीर-पूरी व अन्य लजीज व्यंजनों के साथ शरद उत्सव का आनंद लिया। सुधा शर्मा के भजन को काफी सराहा गया। संचालन महादेवघाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा शारदा मिश्रा ने किया। आभार रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा ने व्यक्त किया। आयोजन में मुख्य रूप से रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, शारदा मिश्रा, सुधा शर्मा, सुनंदा दुबे, वैजयंती चतुर्वेदी, कविता शर्मा, निशा दुबे, शशि पांडे, शिवम शर्मा, रुक्मिणी पांडे शामिल रहीं।

### राजधानी ड्रायक्लीनर्स को उत्कृष्ट पुरस्कार



**रायपुर।** सफल लॉन्ड्री संचालन के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के इन्फेक्शन कंट्रोल बोर्ड ने राजधानी ड्रायक्लीनर्स संस्थान को उत्कृष्ट पुरस्कार दिया है, जिसे संचालक सूरज निर्मलकर ने ग्रहण किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मेडिसिन विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव लोचन खरे, अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के निर्देशन में प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक मुखिया देवांगन समाज के अध्यक्ष चोवाराम देवांगन, धोबी समाज के प्रदेश सचिव पीसी निर्मलकर को भी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को अस्पताल संचालन में सहयोग देने के लिए और जागृत करने के लिए सम्मानित किया गया।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष से चैंबर अध्यक्ष ने की भेंट



**रायपुर।** चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण, एमएसएमई उद्योग, वित्तीय सेवाओं एवं व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के संबंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करने तथा एमएसएमई उद्योगों के सुदृढ़ीकरण, वित्तीय सेवाओं, लेखाकर्म के छात्रों को व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए व्यापारियों द्वारा दिए सुझावों को प्रमुख रूप से चैंबर ने सूचीबद्ध किया।

# अपराध नियंत्रण के लिए हो सख्ती, साइबर अपराध रोकने दिखाएं तत्परता-सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कानून और व्यवस्था बहाल रखनी चाहिये। पुलिस त्वरित कार्यवाही करे और चौकन्नी रहे। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में पुलिस को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर होनी चाहिए और इन घटनाओं के संभावित परिणाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जाए। गांजा, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी पर मुस्तैदी से कार्यवाही हो। श्री साय ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए। पुलिस के आला अफसर भी अनिवार्य रूप से पेट्रोलिंग करें।

### मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के कामकाज की समीक्षा की

**सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाएं**



#### दुकानें, होटल निर्धारित समय पर बंद होने चाहिए

रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल, दुकानों, होटलों आदि रात्रि के समय पर निर्धारित समय पर बंद होनी चाहिए। बियर बार एवं होटल निर्धारित समय पर बंद हो ऐसे होटल जहां शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिलती है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर क्राईम को रोकने के लिए तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन,अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# इस धनतेरस सोना 80 हजारी सालभर में 17 हजार बढ़े दाम

**चांदी एक लाख की राह पर, अभी कीमत 95 हजार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार सोना अब 80 हजारी हो गया है। इस बार धनतेरस पर ग्राहकों को सोना खरीदने के लिए बीते साल से 17 हजार रुपए दस ग्राम पर ज्यादा देने होंगे। बीते साल धनतेरस पर सोना 63 हजार रुपए था। इसके और पहले 2022 की बात करें, तो सोना उस समय 50 हजार रुपए था। यानी दो साल में कीमत में 30 हजार का इजाफा हुआ है।

इसी के साथ इस बार चांदी की कीमत में भी आग लगी है। अभी चांदी एक लाख तक तो नहीं पहुंच सकी है, लेकिन संभावना है कि धनतेरस तक यह एक लाख के आसपास पहुंच जाएगी। ऐसे में सोना और चांदी निवेश के लिए खरे साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25 करोड़ का निवेश हो रहा है। इसमें से 20 करोड़ का सोने और पांच करोड़ का चांदी में निवेश हो रहा है। बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब दो साल में सोने की कीमत 30 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 80 हजार हो गया है। यानी कीमत में 60 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी जो इस समय 80 हजार हो गई है। यानी दस माह में कीमत 15 हजार रुपए बढ़ी है।



#### चांदी की कीमत एक लाख जाने की संभावना

जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत साल के प्रारंभ में 75 हजार रुपए किलो थी जो इस समय 95 हजार पहुंच गई है। वैसे इसके पहले इसकी कीमत 97 हजार तक जा चुकी है। इसकी कीमत एक लाख जाने की संभावना पहले ही थी, लेकिन कीमत वापस कम होने लगी और कीमत बीते माह कीमत 82 हजार तक चली गई। लेकिन वापस अब कीमत बढ़ते-बढ़ते 95 हजार तक पहुंच गई है। संभावना है कि इस बार दीपावली के पहले कीमत एक लाख तक जा सकती है।

#### सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश

*प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं।*

# बूथों पर फोकस करके रायपुर दक्षिण में जीत की कांग्रेस की रणनीति




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। शुक्रवार को राजीन भवन में हुई बैठक में बूथों पर फोकस करके जीत की रणनीति बनाई गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी जरिता लेफतलांग, एआईसीसी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में दक्षिण विधानसभा के चुनाव के संबंध में दो महत्वपूर्ण बैठक ली। पहली बैठक बूथ कमेटियों के प्रभारियों की तथा दूसरी बैठक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं की हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दक्षिण विधानसभा में बदलाव की हवा चल रही है। यह चुनाव कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए अवसर है। हम सबको मिलकर इस बार दक्षिण विधानसभा के कांग्रेस को विजयी बनाना है। 20 अक्टूबर को दक्षिण विधानसभा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन है। हमे एक-एक बूथ में पूरी ताकत से भिड़ना है। भाजपा सरकार की 11 माह की नाकामी इस चुनाव में हमारा सबसे बड़ा मुद्दा है। हमें पूरी एक जुटता से चुनाव लड़ना है और जीतना है। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, महापौर एजाज ढेबर, पारस चोपड़ा, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।


## दक्षिण विधानसभा में निर्वाचक नामावली कार्यक्रम 14 नवंबर तक स्थगित

**रायपुर।** राजधानी के रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 19 वार्डों में मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के आवश्यक संशोधन करने संबंधी निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को जिला प्रशासन ने 14 नवंबर तक स्थगित कर दिया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा-51 में 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होना है। इसकी प्रक्रिया शुक्रवार को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो गई है। उपचुनाव के दौरान मतदाताओं में किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।इसे देखते हुए प्रशासन ने आयोग की सहमति से विधानसभा 51 अंतर्गत आने वाले वार्डों में निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को 14 नवंबर तक स्थगित कर दिया है। इस विधानसभा क्षेत्र में 19 वार्ड आते हैं, जिनमें वार्ड संख्या 42 से लेकर 47 तक तथा 56 से लेकर 68 नंबर तक वार्ड शामिल है। इसके बाद इस विधानसभा क्षेत्र में पुनः निर्वाचक नामावली का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। नामावली का 18 से 22 नवंबर तक पुनः दावा आपत्ति मंगाकर कर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 दिसंबर को होना है।

# भूपेश बोले- प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार हो रही खराब, सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। कल ही राजधानी रायपुर में 20 लाख की लूट हो गई। आज 10 करोड़ का सोना पकड़ा गया। भानुप्रतापपुर में तो एक बेरोजगार भाजयुमो नेता के पास उसकी कार में करोड़ों रुपए दिखाई दे रहे हैं। वह कहता है रिश्तेदार का पैसा है, कहीं वो रिश्तेदार किसी मंत्री के यहां पदस्थ तो नहीं है। लगातार सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। हत्या, बलात्कार, लूटपाट, चोरी रोजाना हो रही है। मुख्यमंत्री आज समीक्षा बैठक ले रहे हैं। गृहमंत्री भी इस बैठक में शामिल हुए। श्री बघेल ने कहा, गृहमंत्री अपराध रोकने में



असफल रहे। प्रदेश में सरकार में कोई विकास कार्य नहीं कर रही है। 10 महीने हो गए, जो काम चल रहे थे वो भी रुक गए हैं। सरकार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है, सरकार हजारों करोड़ का कर्जा ले चुकी है। श्री बघेल ने कहा कि अभी धान खरीदी सामने है, जब भाजपा विपक्ष में थी तो 1 नवंबर से धान खरीदी करने के लिए बोला करती थी। अब जब भाजपा खुद सरकार में आ गई है, तो धान खरीदी लेट से क्यों कर रही है। पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया, उसके कारण किसानों की स्थिति में अच्छा परिवर्तन आया और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। खेत बनाने से लेकर सिंचाई और आधुनिक खेती का काम हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस के कारण किसानों के जीवन में समृद्धि आई है। यह सरकार 14 नवंबर को धान खरीदी करेगी और 31 जनवरी तक धान खरीदी करेगी। इससे सरकार के नीयत में शक हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि सरकार धान खरीदना चाह रही है कि नहीं। इन खरीदी के दौरान लगभग 35 दिनों का सरकारी अवकाश रहेगा। इससे धान खरीदने में परेशानी आएगी। धान खरीदने के लिए सरकार को कम समय मिलेगा।

#### सरकार चलाने में नाकाम

श्री बघेल ने कहा, साय सरकार, सरकार चलाने में असमर्थ है। चाहे राजधानी हो, न्याय धानी हो, संस्कारधानी हो, अपराध कंट्रोल नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली और घटनाओं में लगाम लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सरकार खुद मान रही है कि वह अपराध को नियंत्रण नहीं कर पा रही है। गलती को सुधार नहीं पा रही हैं। मंत्रियों का फोन बड़े पुलिस अफसरों के पास आ जाता है तो पुलिस वाले भी क्या करेंगे। अभी की स्थिति यही है। विधायक ईश्वर साहू के बेटे के खिलाफ एफआईआर कराने में बहुत समय लग गया। वहां तो फोन चले गया तो फिर एफआईआर कहां होगी।

## युवा संगम में शामिल होने पंजीयन की अंतिम तिथि 21 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षा मंत्रालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत लांच किए गए देश के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 'युवा संगम' में पंजीकरण कराने के लिए सिर्फ 4 दिन ही बचे हैं। 21 अक्टूबर तक ही पंजीकरण स्वीकार किए जाएंगे। इसमें 18 से 30 वर्ष तक आयुवर्ग के युवा पेशेवर और विद्यार्थी, जिनमें ऑफ-कैम्पस विद्यार्थी भी शामिल हैं, जो ऑनलाइन/दूरस्थ पाठ्यक्रमों में, कौशल संस्थानों में दाखिला लेते हैं, पंजीकरण हेतु आमंत्रित हैं। देशभर के हजारों युवाओं को अपने राज्य/ केन्द्रीय शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जा रहा है। यह युवा संगम का पांचवा चरण है। ऑफ-कैम्पस विद्यार्थियों भी पंजीकरण करा सकते हैं, जिन्होंने ऑनलाइन कोर्स, कौशल संस्थान आदि में दाखिला लिया है। विद्यार्थियों एवं युवा पेशेवरों के लिए यह बहुत उत्साहजनक अवसर है।

# राजीव वोरा ने कहा- पार्टी ने प्रत्याशी बनाया तो मजबूती से लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कांग्रेस में दावेदारी की जरूरत ही नहीं, योग्य प्रत्याशी को ही टिकट देगी पार्टी

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के दावेदारों में शामिल राजीव वोरा ने अब एक तरफ जहां अपनी दावेदारी से इनकार किया है, वहीं उनका कहना है, अगर पार्टी उनको प्रत्याशी बनाती है, तो मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उनका कहना है, कांग्रेस में किसी भी तरह की दावेदारी की जरूरत नहीं पड़ती है, तो फिर दावेदारी काहे की। पार्टी खुद से ही योग्य प्रत्याशी को टिकट देने का काम करती है। रायपुर दक्षिण से अब तक भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल ही जीतते रहे हैं। अब उनके सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई है। इस पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। इस बार कांग्रेस में टिकट के लिए थोक में दावेदार हैं। कांग्रेस नेता और इस सीट से मजबूत दावेदार माने जा रहे राजीव वोरा ने अपनी तरफ से जरूर दावेदारी से इनकार किया है लेकिन साथ ही वे कहते हैं कि पार्टी अगर चाहेगी तो वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। श्री वोरा ने कहा कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण के लिए पारदर्शी और लोकतांत्रिक सिस्टम है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और पीसीसी चीफ दीपक बैज के रहते किसी को



दावेदारी की जरूरत नहीं है। पार्टी जीत की क्षमता वाले योग्य प्रत्याशी को टिकट देगी। रायपुर दक्षिण में कांग्रेस की संभावनाओं को लेकर राजीव वोरा ने कहा, पार्टी ने काफी पहले से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा के सभी 254 बूथों तक कार्यकर्ता पहुंच चुके हैं। सभी वार्डों के लिए प्रभारियों की तैनाती कर दी गई है। पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। खुद के चुनाव लड़ने को लेकर राजीव वोरा ने कहा, पार्टी अगर अवसर देगी तो पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश की जनता सरकार के कामकाज से परेशान है। इसका असर चुनाव परिणामों पर दिखेगा, इस बार कांग्रेस की जीत होगी।

## बिजनेस साइट

### रामकृष्ण केयर अस्पताल में 6 वर्षीय बच्ची का सफल ऑपरेशन

**रायपुर।** विश्व स्तर पर हर 10 हजार बच्चों में से एक सुनने में अक्षम है। इस समस्या का समाधान कॉकलियर इम्प्लांट के माध्यम से किया जा सकता है, जो मूक-बधिर बच्चों की सुनने की क्षमता को पुनर्स्थापित करने का एक प्रभावी उपाय है। इसी कड़ी में रामकृष्ण केयर अस्पताल में एक 6 वर्षीय बच्ची का ऑपरेशन नवीनतम नेविगेशन तकनीक (स्मार्टनेव) से किया गया, जो मध्यभारत में इस प्रकार की सर्जरी में पहली बार लागू हुई। यह उपकरण, जिसे ऑस्ट्रेलिया में विकसित किया गया है, सर्जन को ऑपरेशन के दौरान इम्प्लांट के सही प्लेसमेंट और कामकाज की निगरानी करने में मदद करता है, जिससे सफलता की दर 100% सुनिश्चित होती है। यह सर्जरी डॉ. सुरभि चोपड़ा, डॉ. हेतल पटेल, जूडी एंड्रयूज, डॉ. रुचिरा राज और अनुज टंडन की टीम द्वारा की गई थी, जिन्होंने मिलकर इस सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया।



# दिनदहाड़े 20 लाख की लूट मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व कमल विहार सेक्टर-15 में रीयल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर से 20 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। पुलिस को बदमाशों के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का क्लू नहीं मिला है। कमल विहार के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने की वजह से पुलिस को बदमाशों के बारे में सुराग तलाशने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब रीयल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर मनोज ध्रुव के साथ अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट की थी। सुपरवाइजर द्वारा बाइक की डिक्की के ऊपर रखकर ले जा रहे नोटों से भरे बैग बदमाश लूट लिए थे। बैग लूटने के बाद बदमाशों ने मनोज को धक्का देकर गिरा दिया था। बाइक से गिरने की वजह से बदमाश किस दिशा में भागे, मनोज उन्हें देख नहीं पाया।

#### रूट में लगे कैमरे की पड़ताल

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल तथा आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए हैं। बदमाशों द्वारा रेकी कर लूट करने की बात सामने आ रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मनोज के निवास बोरियाखुर्द से कमल विहार स्थित अपने ऑफिस आने-जाने के मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है। बदमाश किस बाइक में घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। मनोज इस संबंध में पुलिस को सही ढंग से नहीं बता पा रहा है। लूट की घटना में शामिल बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने पुलिस की अलग-अलग टीमें पचपेड़ीनाका से लेकर संतोषी नगर, सेजबहार तक सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

## पेज 9 के शेष

### चाय ठेला वाले ने...

आरोपी शत्रुहन वर्मा को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। पुलिस के अनुसार ठगी के आरोप में पकड़ा गया मनोहर ठगी की दुकान चलाने मार्केटिंग करने का काम करता था। पुलिस के अनुसार भुनेश्वर एक दशक से ज्यादा समय से ठगी करने के कार्य में संलिप्त है। आरओ में समझा शेयर ट्रेडिंग का खेल पुलिस के अनुसार भुनेश्वर ने जिस आरओ कंपनी से आरओ लगाने का काम लिया था, वहां उसने देखा कि कुछ लोग ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। इस पर भुनेश्वर ने भी शेयर ट्रेडिंग को समझ कर अपना डीमेट अकाउंट बनाकर 30 हजार रुपए निवेश किया। शेयर में रकम निवेश करने के बाद भुनेश्वर ने अपने अन्य परिचित तथा रिश्तेदारों से रकम निवेश कराने पैसे लिए। नुकसान होने पर भुनेश्वर ने लोगों को शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा होने का झांसा देते हुए उनसे रकम ली। लोगों से ली गई रकम का 10 प्रतिशत शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने के बाद शेष रकम भुनेश्वर अपने पास रख लेता था और बाद में उन्हें शेयर का भाव गिरने की वजह से नुकसान होने का झांसा देकर पैसा देने से इनकार कर देता।

### दिन से ज्यादा रात की...

रहा है। धूप भी काफी तेज है जिसकी वजह से उमस भरी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया है। वातावरण में मौजूद जलवाष्प जमीन सतह के तापमान को कम नहीं होने दे रहा है, जिसकी वजह से दिन से दो गुनी बेचैनी रात को महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में रात का तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है और परेशानी काफी अधिक बनी हुई है। मध्य और दक्षिण के साथ प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी सरगुजा संभाग के लोगों को भी तापमान में कमी आने का इंतजार है। अंबिकापुर जैसे इलाके में तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश के दक्षिणी भाग में नमी का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश के दक्षिणी भाग में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। आने वाले दिनों प्रदेश के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है।

## कोलंबिया के खुमेश वर्मा का चयन अजंता फार्मा में

**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के 2023-24 बैच के छात्र खुमेश वर्मा का चयन प्रख्यात कंपनी अजंता फार्मा के औरंगाबाद संयंत्र में प्रोडक्शन ऑफिसर के पद पर हुआ है। खुमेश वर्मा ने हमेशा से अकादमिक और अन्य गतिविधियों में सक्रियता दिखाई है। इस सफलता की जानकारी संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अतनु भट्टाचार्या ने दी। संस्थान के प्राचार्य डॉ. रविंद्र कुमार पांडेय और प्रबंधन के किशोर जादवानी एवं हरजीत सिंह हूरा ने खुमेश वर्मा की सराहना की।



## एसआरयू में एमबीबीएस के पहले बैच का फाउंडेशन कोर्स शुरू



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च कॉलेज में एमबीबीएस के पहले बैच का फाउंडेशन कोर्स शुरू हो गया है। इस कोर्स का उद्देश्य छात्रों को मेडिकल कॉलेज के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करना है, ताकि 2024 बैच के छात्रों को आगे की पढ़ाई में कोई कठिनाई न हो। फाउंडेशन कोर्स दो सप्ताह तक चलेगा, जिसमें छात्रों को स्किल डेवलपमेंट, स्थानीय भाषा और कॉलेज के नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। पहले दिन छात्रों को जिले की स्थानीय भाषा और मेडिकल कॉलेज के नियमों से अवगत कराया गया। आगामी दिनों में खेलकूद और अन्य अतिरिक्त गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, ताकि नए छात्र कॉलेज के स्टाफ, फैकल्टी और अपने सहपाठियों से दोस्ताना संबंध बना सकें।

# पांच नए समेत 10 जिलों में आरक्षण प्रतिशत व रोस्टर तय करने बनी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हाल ही में गठित किए गए पांच नए जिलों सहित 10 जिलों में आरक्षण के प्रतिशत और रोस्टर बिंदुओं का पुनर्निर्धारण करना और सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती के लिए आरक्षण प्रणाली को सुसंगठित करने की तैयारी है। यह कदम राज्य में आरक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक कमेटी गठित करने का आदेश जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण प्रतिशत और आरक्षण रोस्टर बिंदुओं के निर्धारण और परीक्षण हेतु एक विशेष पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी राज्य के विभिन्न जिलों में सीधी भर्ती के लिए आरक्षण प्रक्रिया का आकलन करेगी। जारी आदेश के अनुसार, यह कमेटी छत्तीसगढ़ राज्य की वर्ष 2001 की जनसंख्या के आधार पर, 5 मौजूदा जिलों—राजनांदगांव, रायगढ़, बलौदाबाजार-भाटापारा, जांजगीर-चांपा और कोरिया और 5 नवगठित जिलों—मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में आरक्षण संबंधी प्रक्रिया का परीक्षण करेगी।

इस कमेटी का कार्य इन जिलों में आरक्षण के प्रतिशत और रोस्टर बिंदुओं का पुनर्निर्धारण करना और सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती के लिए आरक्षण प्रणाली को सुसंगठित करना होगा। यह कदम राज्य में आरक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

**खास बातें**

- सरकार ने जारी किया कमेटी बनाने का आदेश
- सात दिनों में सरकार को सौंपनी होगी रिपोर्ट




### कमेटी में शामिल हैं ये अधिकारी

इस कमेटी में सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार को अध्यक्ष बनाया गया है। रमेश शर्मा विशेष सचिव सदस्य, लवीना पांडेय उप सचिव सदस्य सह-संयोजक, नीलम टोप्पो उप सचिव तथा डॉ. अनिल विरूलकर सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी को अगले सात दिनों के भीतर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को अपनी रिपोर्ट पेश करनी है।

## खबर संक्षेप

### मिनी स्टील प्लांट के अशोक अध्यक्ष, मनीष महासचिव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। चुनाव अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल एवं डॉ. मनीष मंडल ने आगामी वर्ष 2024-25 से 2026-27 के लिए निर्विरोध अशोक कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष एवं मनीष धुप्पड़ को महासचिव पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया। चुनाव अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महासचिव को पदाधिकारी एवं विभिन्न समितियों के गठन हेतु पूर्ण अधिकार दिया गया। जिसके उपरांत पदाधिकारियों का अपनी नई कार्यकारिणी की गठन किया। इसमें आईपीपी पूर्व अध्यक्ष विकास अग्रवाल को बनाया गया। उपाध्यक्ष सुरेश गोयल, पंकज अग्रवाल और मुकेश पांडेय। सहसचिव प्रदीप अग्रवाल और अरविन्द गोयनका। कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल बनाए गए हैं। अशोक अग्रवाल और मनीष धुप्पड़ ने कहा हमारी संस्था पूरे भारत एवं छत्तीसगढ़ राज्य के स्टील उद्योगों का प्रतिनिधित्व करती है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ के लौह उद्योग को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

### रावघाट खनन प्रभावित 52 गांव के लोगों ने मांगी सुविधा व सुरक्षा

**रायपुर।** रावघाट में लौह अयस्क का खनन और परिवहन के कारण कई तरह की अव्यवस्था की स्थिति है। भारी वाहनों की रफ्तार से जहां ग्रामीण आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं भी हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए किसी प्रकार का इंतजाम नहीं किए जाने से 52 गांव के लोगों का जीना दूभर हो गया है। यह जानकारी पत्रकारवार्ता में रावघाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोमनाथ उसेंडी, संजू दर्रो और विजय ने दी। उन्होंने बताया कि मामले को जब राष्ट्रीय हरित अधिकरण की भोपाल पीठ में रावघाट संघर्ष समिति ने याचिका लगाई थी। इसमें तीन सितंबर को फैसला आने के बाद भी अभी तक सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और सुरक्षा की सुविधा देने के लिए किसी प्रकार का इंतजाम नहीं किया गया है।

**हर गतिविधि की होगी रिकॉर्डिंग**

# आरपीएफ के बाद अब बॉडी-वार्न कैमरे लगाकर ट्रेन में चलेंगे टीटीई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

वॉकी-टॉकी के साथ बिलासपुर रेल मंडल के टीटीई बाडी-वार्न कैमरा लगाकर ट्रेन में ड्यूटी करते नजर आएंगे। इस योजना पर उच्चाधिकारियों के बीच सहमति भी बन चुकी है। बहुत जल्द कैमरे की खरीदी होगी। यह कैमरा एक छोटा रिकार्डिंग डिवाइस है। इसका उपयोग आमतौर पर पुलिस या सुरक्षाकर्मी करते हैं। रेलवे में आरपीएफ को कैमरे दिए गए हैं। यह कैमरा उन घटनाओं को रिकॉर्ड करता है, जिसका सामना अधिकारी या कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान करते हैं। टीटीई रेलवे के फ्रंट स्टाफ कहलाते हैं। उनके लिए भी यह बेहद आवश्यक है। उन पर हमेशा यात्रियों से अधिक वसूली, हुज्जतबाजी आदि आरोप लगते हैं। इस आरोप की वजह से कई बार टीटीई निर्दोष होते हुए भी कार्रवाई की जद में आज जाते हैं। ऐसा कई बार हो चुका है। रेल मंडल का मानना है कि बॉडी-वार्न कैमरा लगाकर जब टीटीई ट्रेन में चलेंगे तो पहले इसे स्टार्ट करना होगा। इसके बाद वहां जहां-जहां जाएंगे, सामने की गतिविधियां कैमरे में कैद होती जाएंगी।यह रिकॉर्ड होगा, जिसके सहारे वह लगने वाले आरोपों से बच सकते हैं। इसके साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए भी यह जरूरी है।

- योजना लागू करने रेल मंडल ने कवायद की तेज, जल्द कैमरे की होगी खरीदी



### वॉकी-टॉकी की बढ़ा रहे संख्या

इन उपकरणों से लैस टीटीई से यात्री बेवजह उलझने का प्रयास नहीं करेंगे। बिलासपुर रेल मंडल में ट्रेन में ड्यूटी करने वाले 200 टीटीई वॉकी-टॉकी से लैस करने की योजना है। इसके तहत 150 वॉकी-टॉकी दिए जा चुके हैं। टीटीई अब वॉकी-टॉकी लेकर ड्यूटी कर रहे हैं। इस उपकरण की मदद तब मिलती है, जब ट्रेन ऐसी जगह पर रहती है, जहां नेटवर्क नहीं रहता। नेटवर्क विहीन सेक्शनों में भी टीटीई एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। इस व्यवस्था से वह खुश हैं। वॉकी-टॉकी योजना की सफलता के बाद अब रेल मंडल बॉडी- वार्न कैमरे देने की तैयारी कर रहा है। बहुत जल्द यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

# चौक-चौराहों पर लगे आईटीएमएस के 8 सिग्नल और 12 कैमरे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी रायपुर के विभिन्न चौराहों पर एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) के अंतर्गत लगे 8 सिग्नल एवं 12 कैमरे बंद हैं। अधिकारी इन सिग्नल एवं कैमरों के बंद होने का कारण आवश्यक निर्माण कार्यों को बता रहे हैं। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को बंद सिग्नल एवं कैमरों को जल्द से जल्द चालू करने के निर्देश दिए हैं।

- स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक ने बैठक में दिए सिग्नल-कैमरे जल्द चालू करने के निर्देश

अविनाश मिश्रा ने शुक्रवार को शहर के चौराहों पर लगे रोड सिग्नल व कैमरों का प्रचालन दुरस्त रखने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नगर निगम के जोन अधिकारी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, जलापूर्ति, सूचना प्रौद्योगिकी, अमृत मिशन के प्रभारी व एलएंडटी समूह के प्रतिनिधि शामिल थे। इस बैठक में शहर के चौराहों पर लगे सिग्नल और कैमरों में कितने चालू हैं और कितने बंद हैं तथा बंद होने की वजह क्या है, इसकी रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आवश्यक निर्माण कार्यों के कारण शहर में 8 सिग्नल और 12 कैमरे बंद हैं। इस रिपोर्ट पर अविनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 7 दिवस के भीतर निर्माण संबंधी कार्य पूर्ण करें और बंद सिग्नल और कैमरों को चालू कराएं।



# अस्पताल को संक्रमण से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह का आयोजन शुक्रवार को आंबेडकर अस्पताल के टेलीमेडिसिन हाल में किया गया। इंफेक्शन कंट्रोल विभाग के डॉक्टरों एवं नर्सिंग टीम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समस्त नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान रंगोली, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के विभिन्न आईसीयू, वार्ड और ओपीडी में स्वच्छता बनाए रखने एवं संक्रमण प्रसार को रोकने की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले नर्सिंग इंचार्ज एवं उनकी टीम को सम्मानित किया गया। मेडिसिन विभाग के डॉ. आरएल खरे ने इस दौरान कहा कि अस्पताल में संक्रमण के प्रसार को रोकने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हैंड हाइजीन, एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप, वैक्सीनेशन, वातावरणीय स्वच्छता, पीपीई किट, नीति और नेतृत्व की प्रतिबद्धता और नये नवाचारों तथा उन्नत प्रौद्योगिकी के जरिए अस्पताल में संक्रमण के प्रसार को रोका जा सकता है। सहायक नर्सिंग अधीक्षक डॉ. नंदा रंगारी ने बताया कि इंफेक्शन प्रिवेंशन की छोटी-छोटी आदतों के जरिए हम इन्फेक्शन को कंट्रोल कर सकते हैं। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में इंफेक्शन कंट्रोल विभाग कार्यरत है। इन्फेक्शन कंट्रोल नर्सेस के तौर पर सोनल तिवारी, निधि सिंह, स्वप्निल तिवारी, सोनाली सोना और प्रियंका लाल कार्यरत हैं। इस आयोजन के दौरान माइक्रोबायोलॉजी की डॉ. रूपम गहलोत, डी. अश्लेश्म, ए. दास, मंजू बघेल, वीणा पूर्ति, डॉ. रीना राजपूत, फार्मासिस्ट हरिशंकर साहू समेत अस्पताल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

- आंबेडकर अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण सप्ताह




# न्यायालय परिसर में लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रायपुर में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में वकीलों के अलावा कोर्ट में आए लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

स्वास्थ्य शिविर में जिला न्यायालय के न्यायधीशों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है, हेल्थ इज वेल्थ, वकील भागदौड़ भरे जीवन में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, अपने स्वास्थ्य के साथ अन्याय न करें।



# पेड़ों की कटाई पर लगे रोक कंपनी के फर्जीवाड़े की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हसदेव अरण्य में परसा कोल ब्लॉक के विरोध में स्थानीय आदिवासी समुदाय ग्राम हरिहरपुर में पिछले ढाई सालों से आंदोलन चल रहा है। 16 अक्टूबर से ही परसा कोल ब्लॉक के साल्ही गांव के जंगलों की कटाई की सुगबुगाहट शुरू हो गई। शाम होते ही पुलिस बल भी आ गया। 17 अक्टूबर की सुबह से बड़ी तादाद में पुलिस बल के संरक्षण में जंगलों की कटाई शुरू हुई। इसे रोकने लोग प्रदर्शन करने लगे, तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इससे गंभीर लोगों को गंभर चोटें आईं। इनमें महिलाएं भी घायल हुई हैं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को छावनी बना दिया है और बेतरतीब हज़ारों पेड़ों की कटाई की जा रही है। राजधानी में आंदोलन से जुड़े संगठन के पदाधिकारी जनक लाल ठाकुर, बीवे रावटे, सुदेश टीकम ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान को कोयला पहुंचाने और अदानी का कारोबार बढ़ाने के लिए हसदेव जंगल में एक नई खदान, परसा कोयला खदान को जबरिया चलाने के लिए निर्दोष ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया जाना गलत है।

- आंदोलन करने वाले सभी संगठनों ने वार्ता में रखी बात




### दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में इस बार 38 सेक्टर

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसायटी में सेक्टर प्रभारियों की बैठक हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा क्षेत्र को 38 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा, जबकि पिछले लोकसभा चुनाव में केवल 19 सेक्टर बनाए गए थे। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी को रोकना है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है। बैठक में सभी सेक्टर प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें और उनकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। बैठक में सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद और जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल के अलावा अन्य सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे।





### त्यौहार पर स्काय ऑटोमोबाइल्स में बंपर ऑफर्स

- लिमिटेड एडिशन मॉडल्स भी उपलब्ध -

विज्ञापन

त्यौहार का मौका कई मायनो में खास होता है। खासकर वाहन खरीदी के लिए दीवाली का त्यौहार हो तो और भी खास हो जाता है। इन दिनों अपने लिए यदि नई कार खरीदने की सोच रहे हैं तो मारुति सुजुकी की छत्तीसगढ़ में 37 साल पुरानी डिलरशिप स्काई ऑटोमोबाइल्स द्वारा दिये जा रहे आफर्स और कीमत को एक बार जरूर देख लें। जिन्होने हर ऐसे मौकों पर ग्राहकों के फायदे को पहली प्राथमिकता दी है और उनकी जरूरतों को पूरा किया है तभी तो स्काई ऑटोमोबाइल्स ने संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लगभग 2 लाख से ज्यादा संतुष्ट ग्राहकों के नई गाड़ी के सपनों को पूरा करने का मौका दिया है।

दीवाली के लिए स्काई ऑटोमोबाइल्स ने अपने ग्राहकों के लिए खास पेशकश की है ताकि हर घर-आंगन में कार पहुंचे और आपकी त्यौहारी खुशियां रौशन हो। देर किस बात की पहुंचे स्काई ऑटोमोबाइल्स जहां आपका इंतजार हो रहा है। हर बजट, हर पसंद की वो कार मिलेगी तब आप भी भरोसे के साथ कह सकेंगे स्काई ऑटोमोबाइल्स है तो भरोसा है।

**स्काय ऑटोमोबाइल्स में नेक्सा कारों पर 2,50,000 रुपये तक की विशेष छूट**

स्काई ऑटोमोबाइल्स के संचालकों ने बताया कि बाजार में उत्सव का माहौल है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने के लिए साथ ही पुरानी वाहनों के एक्सचेंज पर मार्केट से अधिक मूल्य प्रदान करेंगे साथ ही आकर्षक एक्सचेंज बोनस, न्यूनतम ब्याज दर, लो डाउन पेमेंट विकल्प और बंपर गिफ्ट ऑफर स्क्रैच कूपन के माध्यम से जीतने का सुनहरा मौका, यह स्कीम उन लोगों के लिए है जो इस दीपावाली में एक नई कार खरीदने की योजना बना रहे हैं। इस ऑफर के माध्यम से इस फेस्टिव सीजन का अधिकतम लाभ उठा सकें। चूंकि त्यौहारी सीजन है इसलिए हर दिन मांग में वृद्धि होगी और अधिक संख्या में ग्राहक शो रुम पहुंचेंगे इसलिए आज ही अपनी बुकिंग करा सकते हैं।

स्काई ऑटोमोबाइल्स ने ग्राहकों की सुविधा के लिए रायपुर में मेक इंडिया स्क्वेयर, तेलीबांधा पर एक और नए भव्य शोरुम की शुरुआत की है।

